फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 63, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 28 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हरिद्वार का दिव्य प्रेम सेवा मिशन आज वट वृक्ष बन चुका है : राष्ट्रपति



**हरिद्वारः** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने हरिद्वार के दिव्य प्रेम सेवा मिशन के रजत जयंती के समापन समारोह में कहा कि इस मिशन के साथ 25 साल की मेरी यादें ताजा हो रही हैं, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि आशीष गौतम में सेवा की जो संकल्पना है, वह इस रूप में साकार होगी। यह शायद किसी ने नहीं सोचा होगा। उन्होंने कहा कि आशीष गौतम ने प्रयागराज से 25 साल पहले हरिद्वार आकर सेवा की नींव रखी, यह आसान काम नहीं था। उन्होंने सेवा की एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनको यहां आकर प्रसन्नता हो रही है। जिस सेवा के बीज का रोपण करने में मेरी छोटी सी भूमिका रही है, वह आज वट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद बनने के बाद मेरी पहली यात्रा हरिद्वार की हुई। राष्ट्रपति बना तो उत्तराखंड आने पर सबसे पहली यात्रा हरिद्वार में मिशन की इस भूमि पर हुई। उत्तराखंड की पावन भूमि की महिमा अनंत है। प्राचीन काल से लोग यहां धर्म और अध्यात्म के लिए आते रहे हैं। हरिद्वार भगवान विष्णु और शंकर दोनों की प्राप्ति का स्थान है। पतित पावनी गंगा इसकी साक्षी और मोक्षदायिनी भी है। उल्लेखनीय है कि हरिद्वार के दिव्य प्रेम सेवा मिशन में पिछले एक साल से रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है, जिसके तहत दिव्य प्रेम सेवा मिशन में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के साथ उनकी धर्मपत्नी सविता कोविन्द भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस मौके पर राज्यपाल ले. जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वामी रामदेव भी मौजूद रहे।

# बीरभूम हिंसाः सीबीआई ने कसा शिकंजा

### सीबीआई ने 22 लोगों को आरोपी बनाया, मुझे अभी भी लगता है कि इस हिंसा किसी की साजिश है, जो भी हुआ उसमें टीएमसी की कोई भूमिका नहींः मुख्यमंत्री ममता

**कोलकत्ताः** बीरभूम हिंसा मामले में सीबीआई ने 22 लोगों को आरोपी बनाया है। एजेंसी ने टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष अनारुल हुसैन से पूछताछ की है। वहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर से बीरभूम हिंसा के पीछे किसी की साजिश होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी लगता है कि इस हिंसा किसी की साजिश है, जो भी हुआ उसमें टीएमसी की कोई भूमिका नहीं है। उइकमामले की जांच कर रही है ये अच्छी बात है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन अगर एजेंसी मामले में सिर्फ भाजपा के निर्देशों का पालन करेंगी तो हम विरोध करने के लिए तैयार हैं। बंगाल सीएम ने कहा कि ऐसी कई घटनाएं उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, त्रिपुरा और असम में हो चुकी हैं। लेकिन वहां की सरकार ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को घटनास्थल तक पहुंचने नहीं दिया। जबकि हमने बीरभूम हिंसा के बाद किसी भी पार्टी को पीड़ित परिवारों से मिलने से नहीं रोका।

**हमने जांच के लिए बनाई एसआईटीः** ममता बनर्जी का कहना है कि बीरभूम में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की पार्टी के एक अन्य कार्यकर्ता ने हत्या कर दी, लेकिन हर जगह सिर्फ टीमएमसी की आलोचना हो रही है। हमने इस सब पर ध्यान न देते हुए मामले की जांच के लिए कई जरूरी कदम भी उठाए हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब ममता बनर्जी ने इस घटना को बाहरी साजिश बताया है। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद भी बंगाल सीएम ने बीरभूम हिंसा के पीछे बाहरी साजिश की बात कही थी। उन्होंने कहा कि पुलिस की तैनाती में इजाफा कर दिया गया है। गांव में महिलाएं भी हैं। कुछ लोग उन पर हमला करने के लिए बाहरी लोगों को लेकर आ सकते हैं।

**कौन है अनारुल हुसैनः** अनारुल हुसैन टीएमसी का स्थानीय नेता है। स्थानीय राजनीति में प्रवेश करने से पहले वह एक राजमिस्त्री के रूप में काम करता था। अनारुल को 24 मार्च को बीरभूम में भीषण हत्याओं, आगजनी, घातक हथियारों से दंगा, आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सीएम ममता बनर्जी ने भी बीरभूम दौरे के वक्त पुलिस को अनारुल की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

**सीबीआई की एफआईआर में 21 नाम, ज्यादातर टीएमसी वर्करः** मामले की जांच कर रही सीबीआई ने एफआईआर में 21 लोगों के नाम दर्ज किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा, 70-80 लोगों की भीड़ ने पीड़ितों के घरों में तोड़फोड़ की। भीड़ ने 8 लोगों को घरों में बंद कर आग लगाकर जला दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीआई ने मामले में जिन लोगों को आरोपी बनाया है, इनमें से ज्यादातक लोग टीएमसी के कार्यकर्ता हैं।

इससे पहले शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। एजेंसी से कहा था कि वह 7 अप्रैल तक रिपोर्ट सौंपे।



### बीरभूम हिंसाः घरों में 8 लोगों को बंद कर जिंदा जलाकर मार दिया था

**क्या है बीरभूम हिंसा मामलाः** बीरभूम जिले के रामपुरहाट में टीएमसी नेता की हत्या के बाद हिंसा भड़की थी। टीएमसी के भादू शेख की हत्या के बाद भीड़ ने यहां करीब 10 घरों में आग लगा दी।

इन घरों में 8 लोगों को बंद कर जिंदा जलाकर मार दिया गया था। मरने वालों में 2 बच्चे और 3 महिलाएं भी शामिल हैं। अब तक इस मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बारूद के ढेर पर बंगाल!



**कोलकाताः** बीरभूम हिंसा के बाद पुलिस छापेमारी में पिछले 24 घंटे में बंगाल की अलग-अलग जगहों से 350 से ज्यादा क्रूड बम मिले हैं। इनमें सबसे अधिक बीरभूम के मारग्राम इलाके से करीब 200 बम बरामद किए गए हैं। पुलिस ने छापेमारी में क्रूड बम के साथ 11 लोगों को भी पकड़ा है।

**जहां हुई हिंसा, उससे 40 किमी दूरी पर मिले 60 बमः** पुलिस की छापेमारी में मारग्राम इलाके में 4 बाल्टी में रखे गए 200 बम बरामद हुए। मारग्राम से हिंसा वाले बागटुई गांव की दूरी करीब 40 किमी है। जिले के एसपी नागेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि क्रूड बम बरामदगी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। आइए जानते हैं, पिछले 24 घंटे में बंगाल में किन-किन जिलों से बम बरामद किए गए हैं।

मारग्राम से हिंसा वाले बागटुई गांव की दूरी करीब 40 किमी है। ऐसे में पुलिस अब जांच कर रही है कि बम रखने का उद्देश्य क्या था? मारग्राम से हिंसा वाले बागटुई गांव की दूरी करीब 40 किमी है। ऐसे में पुलिस अब जांच कर रही है कि बम रखने का उद्देश्य क्या था? पश्चिमी मेदनिपुर के केशवपुर से पुलिस ने छापेमारी कर 100 क्रूड बम बरामद किए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह रुटीन प्रक्रिया है, कार्रवाई जारी रखेंगे। मालदा जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 4 बम बरामद हुए। जिले के कालियाचक इलाके में एक घर में बम फट गया, जिसमें तीन साल के बच्चे की मौत हो गई।

उत्तर 24 परगना के जगदल थाना क्षेत्र से 8 बम बरामद किए गए हैं। जिले श्यामनगर प्रभाती संघ मैदान से तीन लोगों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

## 'मालदीव की 'इंडिया फर्स्ट' और भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति से संबंध प्रगाढ'

**मालेः** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का मानना है कि मालदीव की 'इंडिया फर्स्ट' और भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति से दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं। मालदीव की यात्रा पर पहुंचे जयशंकर ने दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी पर भी जोर दिया है। मालदीव के शहर अड्डू में जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की। इस मुलाकात बाद जयशंकर ने ट्वीट किया कि मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह द्वारा



स्वागत किया जाना सम्मान की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मालदीव के राष्ट्रपति को व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी पर भी चर्चा की, जिसने उनके कार्यकाल में कई ठोस परिणाम दिए। मालदीव के नेशनल कॉलेज ऑफ पुलिस एंड लॉ एनफोर्समेंट (एनसीपीएलई) के उद्घाटन समारोह में जयशंकर ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति में सबसे पहले भारत यानी इंडिया फर्स्ट का भाव सहेजा गया है, वहीं भारत ने अपनी विदेश नीति में पड़ोसी पहले का भाव संजो रखा है। दोनों देशों की यह नीति ही भारत और मालदीव के मजबूत संबंधों का आधार है।

## गोरखपुर-वाराणसी-कानपुर के लिए शुरू हुई विमान सेवा

**गोरखपुरः** क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत रविवार को वाराणसी एवं कानपुर से गोरखपुर के लिए विमान सेवा शुरू हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ स्थित आवास से वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल होकर वाराणसी के विमान को झंडी दिखायी। स्पाइस जेट की विमान संख्या एसजी-2949 वाराणसी से गोरखपुर रोजाना सुबह 09.35 बजे आएगा। 09.55 बजे गोरखपुर से वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा। जबकि विमान संख्या एसजी-2747



रोजाना कानपुर से गोरखपुर दोपहर 12.35 पर आएगा और 12.55 बजे कानपुर के लिए रवाना होगा। एयरपोर्ट अथारिटी ने दोनों शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है। विमानन कंपनी स्पाइस जेट ने वाराणसी के लिए 2300 और कानपुर के लिए 3060 रुपये किराया रखा है। 28 मार्च से स्पाइस जेट दिल्ली के लिए गोरखपुर से एक और उड़ान शुरू कर रही है। गोरखपुर से अभी दिल्ली के लिए पांच, मुंबई दो तथा हैदराबाद, लखनऊ, कोलकाता एवं प्रयागराज के लिए रोजाना एक-एक समेत कुल 11 विमान उड़ान भरते हैं। स्पाइस जेट का 70 सीटर विमान गोरखपुर से रोजाना वाराणसी एवं कानपुर के लिए उड़ान भरेगा।

## मन की बात : आयुष उद्योग बन रहा आकर्षण का विषयः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने रविवार को कहा कि देश में परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े आयुष क्षेत्र में नए-नए स्टार्टअप तैयार हो रहे हैं और इनकी सफलता बेहद उत्साहजनक है। अब आयुष क्षेत्र में संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और यह आकर्षण का विषय बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि आयुष उद्योग का बाजार लगातार बढ़ रहा है और बीते 6 सालों में आयुर्वेदिक दवाइयों का बाजार 22 हजार करोड़ रुपये का हो गया है।

## 'इस्पात उत्पादन 2030 तक 30 करोड़ टन पहुंचाने की रणनीति हो तैयार'

**नई दिल्लीः** केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि देश में 2030 तक 30 करोड़ टन और 2047 तक 50 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। मेकिंग इंडिया आत्मनिर्भर इन स्टील - सेकेंडरी स्टील सेक्टर की भूमिका पर आज एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन विज्ञान भवन में किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने उल्लेख किया कि उद्योग के सुझावों पर विचार किया जाएगा और सरकार का उद्देश्य निर्बाध, पारदर्शी और लचीली प्रक्रिया मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग ने 1991 में 2.2 करोड़ टन से बढ़कर 2021-22 में 12 करोड़ टन तक उत्पादन कर काफी प्रगति की है। अब 2047 तक 50 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि लौह अयस्क उत्पादन और अन्य आवश्यक कच्चे माल को बढ़ाने के लिए उपयुक्त नीतिगत समर्थन के साथ उचित रणनीतिक दिशा-निर्देश की आवश्यकता है।

## 'उम्मीद है कि दिल्लीवाले अगले साल तक स्वच्छ यमुना देखेंगे'

नई दिल्लीः आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) ने आज यमुना की महिमा का जश्न मनाने के लिए असिता ईस्ट रिवर फ्रंट, आईटीओ ब्रिज पर गैर सरकारी संगठनों के एक समूह के साथ मिलकर यमुनोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान एनएमसीजी के डीजी जी. अशोक कुमार ने गंगा नदी की सबसे बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण सहायक नदी यमुना को साफ करने के लिए सभी हितधारकों को हाथ मिलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि दिल्ली के लोग अगले



साल तक अधिक स्वच्छ यमुना देखेंगे। एनएमसीजी यमुना नदी से जुड़े सीवरेज बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए लगभग 2300 करोड़ रुपये फंड कर रहा है। कुमार ने कहा कि हम सभी को अपनी यमुना नदी, इसके किनारों, इसकी जैव विविधता, इसकी वनस्पतियों और जीवों पर गर्व होना चाहिए और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्पना की थी, गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों, सबसे महत्वपूर्ण यमुना की सफाई, एक जन आंदोलन बनना चाहिए। यमुना को साफ करने के लिए एनएमसीजी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुमार ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, गंगा बेसिन पर ध्यान केंद्रित किया गया था और इसके सकारात्मक परिणाम अब दिख रहे हैं। अब लक्ष्य यमुना नदी को साफ करना है। इसके लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी प्रमुख नालों और गंदे पानी को यमुना में गिरने से रोका जाए।

## सऊदी अरब में सिर्फ अजान के समय बजेंगे मस्जिदों के लाउड स्पीकर

**रियादः** रमजान शुरू होने से पहले ही सऊदी अरब ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर सख्त नियमावली जारी की है। अब सिर्फ अजान के समय ही मस्जिदों में लाउड स्पीकर बज सकेंगे।

साथ ही उनकी आवाज लाउड स्पीकर की अधिकतम आवाज की एक तिहाई से अधिक तेज नहीं की जा सकेगी। सऊदी अरब के इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने घोषणा की है कि मस्जिदों में लाउड स्पीकर सिर्फ अजान यानी नमाज की सूचना देने के लिए ही बजाए जा सकेंगे। पिछले सप्ताह ही मंत्रालय ने मस्जिदों में रमजान के दौरान होने वाली नमाज का प्रसारण करने पर भी रोक लगाई थी। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकर की आवाज को अधिकतम आवाज के एक तिहाई से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि लोगों से लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद यह निर्णय किया गया है। मंत्रालय से कुछ अभिभावकों ने शिकायत की थी कि लाउड स्पीकर की तेज आवाज से उनके बच्चों की नींद खराब होती है।

## 'विवि स्नातक में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर को बनाएं आधार'

**नई दिल्लीः** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने रविवार को एक परिपत्र के माध्यम सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के कुलपतियों, निदेशकों और प्राचार्यों को कहा है कि वे अपने यहां स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) को आधार बनाएं। यूजीसी अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने आज कहा कि हमने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के कुलपतियों, निदेशकों और प्राचार्यों को अपने यूजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर का उपयोग करने के लिए लिखा है। उन्होंने कहा कि सीयूईटी परीक्षा से छात्रों को अलग-अलग विश्वविद्यालयों की दाखिले परीक्षा देने की चिंता से मुक्ति



मिलेगी। राज्य विश्वविद्यालयों को लिखे परिपत्र में विश्वविद्यालयों और कालेज प्रमुख का ध्यान 21 मार्च को जारी सार्वजनिक सूचना की ओर आकर्षित कराया गया है।

इसमें यूजीसी द्वारा वित्त पोषित भारतीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से करने को कहा गया है। सीयूईटी राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में आयोजित करने का प्रावधान है। परिपत्र में लिखा है कि देश में कई राज्य विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शिक्षण संस्थान (ईएल) भी यूजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12वीं बोर्ड के अंकों का उपयोग करते हैं या प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

## शाहजैन ने छोड़ा पीएम का साथ, पाक गृह मंत्री बोले- अब इमरान को अल्लाह का सहारा

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके पुराने सहयोगी शाहजैन बुगती से करारा झटका लगा है। उन्होंने इस्तीफा देकर पाकिस्तान डेमोक्रेटिकट मूवमेंट का दामन थाम लिया है। इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख रशीद ने कहा है कि इमरान खान को अल्लाह बचाएंगे। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी खतरे में है। उनकी सहयोगी जमूरी वतन पार्टी के एक कैबिनेट सदस्य शाहजैन बुगती ने इस्तीफा देते हुए पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) का दामन थाम लिया है। पीडीएम इमरान खान की सरकार का विरोध करने वाला राजनीतिक मोर्चा है। बुगती बलूचिस्तान में सद्भाव और सुलह पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में कार्यरत थे।

शाहजैन बुगती बलूच आंदोलन के एक प्रमुख नेता अकबर बुगती के पोते हैं। अकबर बुगती को 2006 में बलूचिस्तान के कोहलू शहर में पाकिस्तानी सेना ने मार दिया था। इमरान के सहयोगी का इस्तीफा इस्लामाबाद में इमरान खान की महत्वपूर्ण रैली से कुछ देर पहले ही हुआ है। नेशनल असेंबली में इमरान सरकार के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से एक दिन पहले इस रैली को प्रधानमंत्री द्वारा शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशिद ने भी कहा है कि अब प्रधानमंत्री इमरान खान को अल्लाह ही बचाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल टंकी पर अधिवक्ता की गाड़ी में तोड़फोड़

**प्रयागराज।** प्रीतमनगर के रहने वाले एक अधिवक्ता की गाड़ी में पेट्रोल टंकी पर तोड़फोड़ की गई। 26 मार्च को धूमनगंज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया। प्रीतमनगर के रहने वाले अभिषेक दुबे ने कंधईपुर के क्षितिज आर्य और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि वह 21 फरवरी को अपने चाचा एडवोकेट अजीत श्रीवास्तव व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जौनपुर शादी में जा रहे थे। रास्ते में सुलेमसराय पेट्रोल टंकी पर तेल भरवा रहे थे। इस दौरान क्षितिज अपने साथियों के साथ पहुंचा। गाड़ी पर हमला कर दिया। शीशा तोड़ डाला और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 20 मार्च को हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

## आरोपी और उसके मामा किये गये गिरफ्तार


पुलिस के गिरफ्त में हत्यारे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में 20 मार्च को हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने रविवार को कर दिया। हत्या अवैध संबंध के कारण की गई थी। आरोपी ने एक युवक को इसलिए मौत के घाट उतार डाला क्योंकि उसकी पत्नी का उस युवक के साथ अवैध संबंध था। अभियुक्त के साथ इस घटना में उसका मामा भा शामिल था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में रविवार को एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइंस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दोनों आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया गया। जिसमें हत्या करने वाला बृज कुमार मिश्रा ने कहा उसकी युवक उसकी पत्नी को परेशान करता था। पत्नी का उसके साथ अवैध संबंध था इसलिए काटा डाला।

## महाराष्ट्र से प्रयागराज आया था मृतक

घटना 20 मार्च 2022 का है। घूरपुर थाना क्षेत्र के सुजावन देव मंदिर की तरफ जाने वाली सड़क पर एक शव मिला था। काफी छानबीन में पता चला कि मृतक कृष्णा मोरे महाराष्ट्र के रत्नागिरी का रहने वाला था। वह किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। पुलिस के मुताबिक, हत्या में दो लोग शामिल थे जो बृज कुमार मिश्रा पुत्र स्व. संकठा प्रसाद निवासी सांगीपुर होलागढ़ व सतीश पाठक पुत्र स्व. विनय कुमार निवासी परसरा थाना बारा हैं। ब्रज कुमार की पत्नी का मायका मुंबई के पालघर में है। वह पति से झगड़ा कर अक्सर अपने मायके पालघर जाती थी। वहीं पर उसकी मुलाकात कृष्णा मोरे से हुई थी। दोनों में नजदीकी बढ़ी और यह संबंध में प्यार में बदल गया।इसकी जानकारी जब बृज कुमार को हुई तो वह पहले पत्नी को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। फिर बृज ने उसके आशिक कृष्णा मोरे को मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। हत्या की प्लानिंग की और उसमें शामिल किया अपने मामा सतीश पाठक को। दोनों ने मिलकर कृष्णा मोरे को बहका प्रयागराज बुलाया और छिवकी स्टेशन से रिसीव कर उसे घूरपुर के पहाड़ी क्षेत्र में ले गए और वहीं पर उसे काट डाला।

## युवक की मौत के मामले में प्रेमिका समेत समेत पांच पर रिपोर्ट

**प्रयागराज।** मऊआइमा में सरपताही नहर के पास रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात घायल मिले जीतेंद्र कुमार की अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले घर वालों ने एक युवती समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। गांव में तनाव के बाद फोर्स तैनात कर दी गई है। मऊआइमा कखरी उर्फ गंगा का पूरा गांव निवासी अमर जीत का पुत्र जीतेंद्र कुमार (19) शुक्रवार की रात घर से निकला था। वह रात में ही गंभीर रूप से घायल अवस्था में सरपताही नहर के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।जीतेंद्र की मौत के बाद पिता अमर जीत ने मऊआइमा थाने में पास के गांव की एक युवती, उसके पिता अशोक कुमार सरोज, रिश्तेदार संजय निवासी सकरामऊ, लाल चंद्र, और अशोक कुमार पर हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस के मुताबिक जीतेंद्र की युवती से दोस्ती थी। युवती के घर वालों ने पहले धमकी भी दी थी। मौके पर मऊआइमा, सोरांव, होलागढ पुलिस मौजूद रही। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दी गई है। दोस्त के साथ दिसंबर में भाग गया था जीतेंद्र, हुई थी पंचायत घटना के नामजद युवती के साथ जीतेंद्र पिछले दिसंबर महीने में भाग गया था। इस मामले में पंचायत हुई थी। इसके बाद मामला शांत हुआ था। दोनों परिवारों में तभी तनातनी चल रही थी। तहरीर के आधार हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। -सुधीर कुमार, सीओ, सोरांव।

## न्यूज झरोखा

### हमारे एरिया का मरीज नहीं है, नहीं करेंगे भर्ती

#### काल्विन के स्ट्रेचर पर तड़प रहे थे मरीज, सीएमओ के आदेश पर हुए भर्ती




**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन) के डॉक्टर स्ट्रेचर पर तड़प रहे दो मरीजों को सिर्फ इसलिए भर्ती करने से इन्कार कर दिए क्योंकि मरीज उनके क्षेत्र का नहीं था। करीब दो घंटे तक मरीज स्ट्रेचर पर तड़पते रहे लेकिन डॉक्टर उन्हें बेली अस्पताल में भर्ती कराने की जिद पर अड़े रहे। सीएमओ से शिकायत करने के बाद दोनों मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर उनका इलाज हो सका। जहरखुरानी के शिकार थे दो बुजुर्ग : दरअसरल प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पर दो बुजुर्ग अचेतावस्था में पड़े थे। किसी ने एंबुलेंस सर्विस पर कॉल किया तो तुरंत मौके पर एंबुलेंस पहुंच गई। एंबुलेंसकर्मी दोनों को लेकर काल्विन अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंच गए। वहां डॉक्टरों ने लेने से इन्कार कर दिया। करीब दो घंटे तक एंबुलेंसकर्मी दोनों मरीजों को एंबुलेंस के स्ट्रेचर पर लेकर डाक्टरों से मरीजों को भर्ती करने की मिन्नतें करते रहे लेकिन डॉक्टरों ने एक नहीं सुनी। इसकी शिकायत जब सीएमओ डॉ. नानक सरन से की गई तो उन्होंने डॉक्टरों को फटकार लगाई। इसके बाद दोनों मरीजों को भर्ती किया जा सका। बताया जा रहा है कि दोनों मरीज अज्ञात हैं।

### दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग से, इस घर को आग लग गयी घर के चिराग से : डॉ राकेश धर त्रिपाठी



**प्रतापपुर।** एनडीए गठबंधन से प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री डाक्टर राकेश धर त्रिपाठी द्वारा कार्यकर्ता आभार मिलन समारोह का आयोजन रामसुंदर पटेल इंटर कॉलेज मोईद्दिनपुर, मियां का पूरा में रविवार को आयोजित किया गया। भाजपा, अपना दल, निषाद पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बैठक में हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ राकेश धर त्रिपाठी ने कहा कि मैं चुनाव भले हारा हूं लेकिन जो कार्य एक विधायक का होता है क्षेत्र के विकास हेतु मै वह विकास अवश्य करूंगा। 80 हजार लोगों ने मुझे मतदान किया सभी का आभार व्यक्त करता हूं चुनाव मैं नहीं हारा हूं बल्कि विश्वासघात करने वाले जयचंदों ने प्रतापपुर के विकास को हरा दिया है। मैं मेरा परिवार क्षेत्र की जनता के साथ पूरे 5 वर्ष हर सुख-दुख में सहभागिता करते रहेंगे। तीनों दलों के कार्यकताओं के विकास, मान सम्मान, स्वाभिमान, प्रतिष्ठा की रक्षा हेतु मेरी सरकार, मैं, मेरा परिवार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ संकल्पित हूं।इस अवसर पर समाजसेवी चिकित्सक डॉ पंकज त्रिपाठी, श्याम बिहारी पांडेय, हरिभूषण सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, डॉ इमाम, हर्षित त्रिपाठी, बीडी गौड़, श्याम लाल पटेल, शेर बहादुर, भारत पटेल, प्रेम पटेल, चंद्रशेखर मिश्रा, चंचल शुक्ला, अखिलेश पांडेय, संदीप गुप्ता, बाबा शर्मा, सौम्या मिश्रा, दीपिका सिंह, रीना सिंह, कुसुम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक यमुना पार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी 12 के नेतृत्व में उप निरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर सिंह मैं फोर्स के साथ दबिश देकर वांछित सोनू सिंह पुत्र उमेश सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी 12 खास को घूरमी फाटक के पास से गिरफ्तार किया जो कही भागने की फिराक में था अभियुक्त को धारा 376/506 भारतीय दंड विधान व 3 (2) वी सीएसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### सोरांव तहसील में लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न



**सोरांव।** रविवार को लेखपाल संघ का द्विवर्षीय चुनाव में विभिन्न पदों को लेकर मतदान डाले गए। जिसमे सोरांव तहसील में कार्यरत लेखपाल राज कुमार सागर ने जिला अध्यक्ष के पद पर 242 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी राम सिंह यादव को 23 मतों से पराजित कर पद को अपने नाम किया। वहीं सोरांव के जिम्मेदार लेखपाल ने जिला उप मंत्री के पद पर अवनीश पाण्डेय को जिला उपमंत्री के पद पर 304 मत पाकर प्रियंका मिश्रा को पटखनी दी। जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### उज्ज्वला लाभार्थियों को वितरित किया चूल्ह व सिलेंडर




**करछना।** स्वराज भारत गैस पचदेवरा की ओर से करछना के हर्रई ग्राम सभा में रविवार को आयोजित उज्जवला पंचायत के तहत पात्र लाभार्थियों में 34 लाभार्थियों में गैस कनेक्शन सहित चूल्हा व सिलेंडर वितरित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य रूप से मौजूद रहे भारत पेट्रोलियम के एरिया मैनेजर रोहित रोहिला ने लाभार्थी महिलाओं को गैस के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गैस लिकेज के रोकथाम व कम गैस खर्च में भोजन बनाने की तरकीब भी बताया ।? इस मौके पर स्वराज भारत गैस एजेंसी पचदेवरा के प्रो मनीष शुक्ला ओम शंकर पांडेय आशु पांडेय राकेश तिवारी सत्य प्रकाश तिवारी दिनेश मिश्रा आशीष विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने मंत्री बनाये जाने पर मनाई खुशी



**करछना।** विधानसभा करछना क्षेत्र के कचरी ग्राम में रविवार को अपना दल एस के कार्यकताओं की ओर से आशीष पटेल को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर यमुना पार के अपना दल एस के जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल युवा मंच के जिला अध्यक्ष मनोज पटेल विधानसभा करछना अध्यक्ष परमानंद पटेल शिव कुमार पटेल , देवीशंकर रविंद्र कुमार, राजेश, चंद्र राज आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने योग द्वारा चलाया नशा मुक्त अभियान

अखंड भारत संदेश



योग नशा मुक्त अभियान में भाग लेते ग्रामीण

**मेजा रोड।** ग्रामीणों ने युवा पंचायत के माध्यम से ग्राम योग द्वारा नशामुक्त अभियान चलाकर नशे से दूरी बनाने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत तेंदुआ खुर्द, सींकीकला, मेमोली, शिरियारी, दुघरा सहित दर्जनों गांवों में जनसुनवाई फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाली युवा पंचायत में युवाओं का उत्साह काबिले-तारीफ रहा। ग्राम पंचायत ममोली के मुनेश हरिजन, शैलेन्द्र दूबे,सुनीता आदि ने बताया कि पहले जो युवा दारु पीकर गांव में अशांति फैलाते थे।आज वही जब अपने दूसरे साथियों को नशामुक्त रहने की सलाह देते हैं तो ग्रामीणों को बहुत ही अच्छा लगता है। जबकि सींकीकला के सुशील सिंह एवं प्रशान्त सिंह का कहना है कि जबसे मोबाइल का दौर आया प्रायः जो लड़के दिनभर मोबाइल की दुनिया में ब्यस्त रहते थे वही आज जीवन को नशामुक्त एवं योग से संबंधित बातें करते हैं तो घर के अभिभावकों को सकून मिलता है। दुघरा गांव निवासी हरिशंकर आदिवासी, मुनेश पाल, का कथन है कि फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले युवा पंचायत से गांव में चयनित जनमित्र, एवं जनशक्ति द्वारा पहल का ही नतीजा है कि पहले जैसी गंदगी नहीं है, आपसी भाईचारा भी बढ़ा है, साथ ही गांव में जो छोटी-मोटी बातें मनमुटाव पैदा करते थे। आज सामूहिक प्रयास से श्रमदान के द्वारा समस्या का हल निकालते हैं। क्षतिग्रस्त नहर को गांव वालों ने ही मिलकर दुरुस्त कर लिया था। गांव भोजपुरवा में तीन किलोमीटर सड़क जिसमें सरकारी मानक के हिसाब से तीस लाख रु ब्यय करना पड़ता। फाउंडेशन के ग्राम वालंटियरों द्वारा आपस में मिलकर ग्रामीणों के सहयोग से मात्र तीस हजार रुपए में बना दिया। सम्बंधित ग्रामीण केदारपटेल, अमृत लाल, बुद्धू, बन्धू आदिवासी,अनीता धनराजी देवी,आदि ने बताया कि जिस कीचड़ युक्त रास्ते से पैदल चलना मुश्किल था।आज नवयुवकों की देन है कि पत्थर और मोरंग डालकर अच्छी सड़क बन गई है । युवा पंचायत के ग्राम जनमित्र दिनेश पटेल का कहना है कि जबसे युवा पंचायत गांव में लगने लगी है, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। जनसुनवाई फाउंडेशन के विकास खण्ड मेजा प्रभारी राजकुमार मिश्र ने बताया कि जनपद प्रशासन की सहभागिता से संचालित जनसुनवाई अभियान के तहत प्रत्येक गांव में युवा पंचायत लगाकर दुर्गुण रहित प्रयागराज कैंपेन को सफल बनाया जायेगा।

# राष्ट्र गौरव अवार्ड से होंगे सम्मानित भारतेंद्र त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** फूलपुर तहसील के ग्राम सभा देवनहरी के निवासी भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी को साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा और रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भाव्या फांउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा राष्ट्र गौरव अवार्ड 2022 के लिए लिए चयनित किया गया है। उन्हें जयपुर में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में यह अवार्ड प्रदान किया जायेगा। भारतेन्द्र त्रिपाठी वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा, प्रयागराज में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। वह उभरते हुए युवा कवि भी हैं।

जिनका हाल ही में काव्य संग्रह मेरा प्रतिबिंब बैंगलुरू से प्रकाशित हुआ है।इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक साझा संग्रह में उनकी रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं। वह सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते हैं। भारतेन्द्र त्रिपाठी बारह बार स्वैच्छिक रक्तदान किए हैं और लोगों को इसके लिए प्रेरित भी करते रहते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें इंडियन बेस्टीज अवार्ड, युवा हस्ताक्षर पुरस्कार, श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान, काव्य श्री सम्मान, पर्यावरण मित्र सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, शब्द शिल्पी सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। उभरते हुए साहित्यकार को यह सम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता व्याप्त है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन होली मिलन समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश



**जारी।** प्रयागराज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज जनपद की बारा तहसील इकाई की बैठक जहां तहसील मुख्यालय के अधिवक्ता सभागार में आयोजित की गई। जहां पर जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी की अध्यक्षता में जहां बैठक के साथ ही होली मिलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बैठक में उपस्थित तहसील इकाई के सभी पत्रकार व पदाधिकारी जहां एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पुष्प की पंखुड़ियों की वर्षा करते हुए होली मिलन के कार्यक्रम को मनाया। जिसमें जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी के द्वारा बैठक में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एक ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित में सदैव ही कार्य करता है और हमेशा ही पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य करता रहेगा। वही बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों को उद्बोधन के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि जहां संगठन से जुड़े हुए सभी पत्रकारों का बीमा भी कराया जाता है जिससे उन्हें सुरक्षा मिल सके। वही संगठन के अन्य बिंदुओं पर भी उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। अगर देखा जाए तो बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों के द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों में जहां मंडल उपाध्यक्ष बंसीलाल पटेल, जिला संरक्षक शोभनाथ कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी गुप्ता, डॉ लालचंद पटेल, जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी, आईटी प्रभारी उमाशंकर गुप्ता, बारा तहसील इकाई के तहसील अध्यक्ष पिंटू सिंह जारी, बारा तहसील इकाई के संरक्षक मो. अली भैय्यन, तहसील उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला, विनोद केसरवानी, तहसील महामंत्री रामबाबू पटेल, के साथ-साथ अन्य उपस्थित पत्रकारों में विकास गुप्ता,नीरज श्रीवास्तव, रोहन केसरवानी, प्रवीण मिश्रा, कृष्णानंद शुक्ला, अब्दुल अलीम शास्त्री, सुजीत द्विवेदी, राजेश सोनकर, रोहित शर्मा, बलवीर पटेल, भूषण पटेल, मान सिंह पटेल, शंकर लाल साहू, सुनील यादव, लालता प्रसाद मिश्रा, राजेश केसरवानी, दीपक केसरवानी, सोनू सिंह बघेल, कृष्ण चंद साहू, सत्येंद्र यादव, विनोद केसरवानी, रोहित शर्मा, छेदी लाल साहू, आलोक गुप्ता, अमर सिंह पटेल, बृजेश कुमार सिंह, महावीर पटेल, आदि तहसील इकाई के सभी पत्रकार इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## डम्पर ने साइकिल सवार को मारी टक्कर मौके मौत

**मऊआइमा।** साइकिल से बाजार जा रहे वृद्ध को डम्पर ने मारी टक्कर जिससे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम झलिया निवासी लालता प्रसाद शुक्ला 73 वर्ष पुत्र रामशरन शुक्ला रविवार को दोपहर में साइकिल से दमदम बाजार जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे वह झलिया पुल मोड के पास पहुंचे एक अज्ञात डम्पर ने साइकिल सवार लालता प्रसाद शुक्ला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ दिए । जब तक ग्रामीण एकत्रित होते डम्पर चालक डम्पर लेकर तेजी से भाग गया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है । इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जीतेन्द्र की संदिग्ध हत्या का मामला गहराया पुलिस बारीकी से जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम कखरी उर्फ गांगा का पूरा मातपुर निवासी जीतेन्द्र कुमार 18 पुत्र अमर जीत की हत्या अथवा हत्या की गुत्थी सुलझाने में मऊआइमा पुलिस जुट गई है । फिलहाल सभी प्रकार की जांच में पुलिस लगी हुई है। इंस्पेक्टर मऊआइमा का कहना है कि डाक्टरों एंव एक्सपर्ट से सलाह ली जा रही है कि मृतक की चोट घटना के पहले की है अथवा बाद की है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कखरी उर्फ गांगा का पूरा मातपुर निवासी जीतेन्द्र कुमार सरोज 18 वर्ष पुत्र अमरजीत खून से लहुलुहान बेहोशी की हालत में शुक्रवार की रात सरपताही नहर पुल के सामने रेलवे पटरी के निकट मिला था परिजन उसे लेकर स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराए थे जहां शनिवार को सुबह उसकी मौत हो गई थी । मृतक का गांव की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था । मृतक के पिता ने किशोरी के पिता अशोका कुमार सरोज ,उनके पुत्र विकास और रवि तथा दामाद संजय कुमार ,एंव अशोक कुमार के भाई लालचन्द्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद से ही पूरा परिवार घर में ताला बंद कर फरार है । इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट न होने के कारण एक्सपर्ट और डाक्टरों की टीम से सलाह ली जा रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि किशोरी को लेकर गांव में हुई पंचायत की भी जांच की जा रही है। मऊआइमा थाना प्रभारी ने बताया कि यदि आत्म हत्या की बात है तो इसके पीछे भी कोई जिम्मेदार है उसे भी जेल जाना होगा।फिलहाल पुलिस हर बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

# महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय में दो वर्ष से लटक रहा ताला

## ओडीएफ के बावजूद, महिला एवं बच्चे खुले में शौच जाने को विवश,विकास खंड शंकरगढ़ के कर्मचारी अधिकारी मानदेय का भी कर रहे भुगतान

अखंड भारत संदेश



महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला का दृश्य

**शंकरगढ़।** प्रयागराज जिले को ओडीएफ काफी पहले ही घोषित कर दिया गया है। इसी के साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। लेकिन उनमें से अधिकांश में ताला लटक रहा है। इससे कई जगहों पर ग्रामीण अब भी खुले में शौच जाने लगे हैं। संचालन के लिए अधिकांश जगहों पर इन शौचालयों को स्वयं सहायता समूहों को दिया गया है। इसके बाद भी इनका संचालन नहीं हो पा रहा है।विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत नारीबारी राष्ट्रीय राजमार्ग में महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष २०२०-२१ मे बनकर तैयार हो गया था। लेकिन आज तक महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय का ताला नही खुल सका। जनता का पैसा शासन के माध्यम से जनता के लिए लगाया गया। किन्तु स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों अधिकारियों के लापरवाही से लगातार डेढ़-दो वर्षों से निरंतर ताला लटक रहा है। जिस पर स्थानीय नागरिकों ने कई बार विकासखंड शंकरगढ़ के सचिव व खंड विकास अधिकारी से इस संदर्भ में शिकायत किया। इसके बावजूद आज तक लगातार ताला बन्द है। और महिलाएं बच्चे खुले मे शौच जाने के लिए विवश है। जब कि ग्रामीणों का कहना है कि संचालन के लिए कुछ स्थानीय लोगों की नियुक्ति है पर सदैव ताला बंद रहता है। शौचालय मे पानी तक की उपलब्धता नही है। कुछ समय पूर्व हवा से छत मे खाली रखा पानी टंकी खिसक गया था, जिसे आज तक सही नही कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारी अधिकारी के मिलीभगत से शौचालय के कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान भी हो रहा है,जब कि ताला तक नही खुलता। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि शौचालय चालू है, और तीन माह के मानदेय का भुगतान भी किया गया है। खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ का फोन नही उठा।

# सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, राहगीर परेशान



**सहसों।** बस्ती से लगे नालियों से गंदा बदबूदार पानी सड़कों पर बहने से राहगीरों में हो रही परेशानी एवं इससे लोग हो रहे हैं संक्रमित। सहसों चौराहे के आसपास सड़क के किनारे जल निकासी के लिए बनी नालियां में कूड़ा करकट जमा हो जाने से नालियां पट गई हैं। जिसके कारण बस्ती से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसके चलते राहगीरों एवं पैदल चलने वालों को खासा परेशानी हो रही है। सहसों चौराहे के आसपास सड़क के किनारे जल निकासी के लिए नालियां बनाई गई हैं। जिसमें बस्ती के आवासीय घरों से निकलने वाले गंदा पानी जाता है। परन्तु आसपास की नालियों में कूड़ा करकट जमा हो जाने के कारण नालियां चोक हो गई हैं । जिसके चलते बस्ती से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे पैदल साइकिल बाइक से चलने वाले राहगीरों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा गंदा पानी दुर्गंध होने के कारण लोग संक्रमित भी हो रहे हैं एवं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त गर्मी के मौसम में मच्छरों का भारी प्रकोप बढ़ गया है। सहसों चौराहे के आसपास जौनपुर रोड, झूंसी रोड, फाफामऊ रोड तथा हनुमान गंज रोड आसपास के दुकानदारों एवं बस्ती में रहने वाले लोगों का कहना है कि शीघ्र नालियों की सफाई करके जल निकासी की सुचारू व्यवस्था नहीं की गई तो संक्रमण का खतरा तेजी से पांव पसार लेगा। बस्ती के लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी तब से आज तक नालियों की सफाई नही हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में कई बार अवगत कराया गया परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। पंचायत विभाग से जो सफाई कर्मी भी लगाए गए हैं वह भी नदारद रहते हैं। सफाई कर्मी भी इतने निडर हैं कि वो केवल अपने अधिकारियों की ही बात मानते हैं अधिकारी हैं कि अपने में मस्त हैं जनता लाख करे शिकायत कोई फर्क नहीं पड़ता। यदि नालियों की सफाई अविलंब नहीं हुई तो आने वाले गर्मी के दिनों में संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ जाएगा। कुछ व्यवसाई दुकानदार भी ऐसे हैं कि वह नाली में कूड़ा फेंकने से गुरेज नहीं करते परेशान तो केवल बस्ती में रहायसी लोग होते हैं कि उनका रोजमर्रा का पानी बह के कहां जाए।

## खबर संक्षेप

### महिला अधिवक्ता के साथ बदसलूकी, दंपति पर मुकदमा

**प्रयागराज।** मंगल विहार आवास योजना कालिंदीपुरम में रहने वाली एक महिला अधिवक्ता के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। उसने अपने पड़ोस में रहने वाले दंपति के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि वह अपने फ्लैट में अकेली रहती है। 24 मार्च को शराब के नशे में आरोपी पड़ोसी अपनी पत्नी के साथ उनके फ़्लैट में घुसकर कूड़ा फेंकने लगा। विरोध करने पर लोहे की रॉड से मारा जिससे अधिवक्ता के दोनों हाथ और सर में गंभीर चोट आ गई। धमकी दी कि फ्लैट खाली करके चली जाओ नहीं तो हत्या करके लाश फांसी पर लटका देंगे। धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामूहिक विवाह में नव विवाहित जोड़ों को उपहार में मिला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विवाहित जोड़े को कार, बाइक और गृहस्थी का सामान देने की बात हमेशा सुनने और देखने को मिलती है, लेकिन प्रयागराज में सामूहिक विवाह में जोड़े को बुलडोजर दिया गया। यह चौंकाने वाला गिफ्ट युवा चौरसिया समाज की ओर से कटरा में आयोजित सामूहिक विवाह में जोड़ों को दिया गया। इस दौरान नौ जोड़ों ने सात फेरे लिए। बुलडोजर का जादू लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। अभी तक सड़क बनाने और माफिया का घर गिराने के काम आता था। अब यह योगी सरकार पार्ट टू का एक प्रकार से प्रतीक चिन्ह बन गया है। विवाह के बाद अन्य गृहस्थी के सामान के साथ जब वर-वधू को बुलडोजर प्रदान किया गया तो लोग चौंक गए।



सामूहिक विवाह में मौजूद नव दंपति

### महापौर ने कहा प्रदेश में सुख-शांति का प्रतीक है बुलडोजर

प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि बुलडोजर यूपी में सुख-शांति का प्रतीक है। इसके माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि यूपी में जहां भी गलत कार्य होगा बुलडोजर बाबा उसको सबक सिखाएंगे। योगी सरकार ने बुलडोजर चलाकर प्रदेश के माफिया का सफाया कर दिया है।

### जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सात साल तक वकालत जरूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 (2) के अनुसार न्यायिक अधिकारी अथवा जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति पाने के लिए एक वकील को कम से कम सात वर्षों तक निरंतर वकालत के अभ्यास में रहना होगा। कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 233 जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है और इसके उपखंड (2) में कहा गया है कि एक व्यक्ति, जो पहले से ही संघ या राज्य की सेवा में नहीं है, वही केवल नियुक्ति के लिए पात्र होगा। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति डॉ. कौशल जयेंद्र ठाकर और न्यायमूर्ति अजय त्यागी की खंडपीठ ने दीपक अग्रवाल बनाम केशव कौशिक और अन्य के मामले में शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला दिया। इसमें यह माना गया था कि अनुच्छेद 233 (2) के तहत जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को आवेदन की तिथि पर लगातार सात वर्षों तक (बिना किसी विराम के) अधिवक्ता के रूप में अभ्यास करना चाहिए।याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष हाईकोर्ट प्रशासन के फैसले को चुनौती दी गई थी। याची ने हायर ज्यूडिशियरी प्रारंभिक परीक्षा पास कर ली थी। लेकिन उसे मुख्य परीक्षा में इसलिए नहीं शामिल किया गया कि वह सात साल से प्रैक्टिस में नहीं थे। याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्देश देने की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने याची के तर्कों को स्वीकार नहीं किया।

# धोखे से शादी रचाकर युवती को गुजरात ले जाने में तीन गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**घटना कोतवाली क्षेत्र में हुई**

**परिजनों के सुपुर्द किया गया पीड़िता को**

**प्रयागराज।** धोखे से शादी रचाकर 25 वर्षीय युवती को गुजरात ले जाने में तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।रॉबर्ट्सगंज निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मां ने उसकी शादी हिमांशु डाया भाई पटेल से की। शादी के वक्त बताया गया कि वह मांडा का रहने वाला है। शादी के बाद हिमांशु, उसका एक रिश्तेदार योगेश कुमार व कटघर निवासी रामदास उसे लेकर रामबाग स्थित एक होटल पहुंचे। वहां उनकी बातों से मालूम हुआ कि वह गुजरात के रहने वाले हैं और उसे भी साथ ले जाने वाले हैं। उसने जब गुजरात जाने से मना किया तो गालीगलौज करते हुए उसे धमकाया।शोर मचाने पर लोग जुटे और इसके बाद पुलिस आ गई। इसके सभी को थाने लाया गया जहां उसने पूछताछ में सारी बातें पुलिस को बताईं। कोतवाली पुलिस ने बताया कि युवती की तहरीर पर केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से एक रामदास ही इस शादी में अगुवा था। सबसे खास बात यह है कि युवती की मां ने भी हकीकत छिपाकर बेटी की शादी की। यहां तक कि मामला सामने आने के बाद सूचना देने पर भी वह नहीं आई। बल्कि युवती का भाई उसे अपने साथ ले गया।

# रामकैलाश तैरना जानता था फिर डूबकर कैसे हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के चिल्ला निवासी रामकैलाश भारतीय की हत्या का मामला पेंचीदा हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह पानी में डूबना बताया गया था। वहीं उसके स्?वजनों की मानें तो रामकैलाश तैरना जाता था। सवाल उठाया कि जब वह तैर सकता था तो डूबकर उसकी मौत कैसे हुई। संभवतः उसे डुबाया गया होगा। इससे हत्?या की पुष्टि होती है। फिलहाल जो व्?यक्ति उसे घर से बुलाकर ले गया था वह फरार बताया जा रहा है। उसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### हत्या को हादसे का रूप देने की कोशिश

रामकैलाश की लाश ककरहवा घाट कछार में जहां मिली थी, वहां पानी नहीं था। लाश घाट के किनारे थी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि अगर रामकैलाश तैरना जानता था तो वह पानी में कैसे डूब गया। अगर डूबता तो उसकी लाश कहीं और बहकर चली जाती। कुश घटना के बाद से क्यों गायब हो गया। रामकैलाश के घरवालों का आरोप है कि वह पानी में डूबा नहीं था, बल्कि उसे डुबाकर मारा गया है, ताकि हत्या को दूसरा रूप दिया जा सके।

### घर से बुलाकर ले गया था कुश

बुधवार की देर शाम मोहल्ले में रहने वाला कुश रामकैलाश के घर गया था। वह उसे अपने साथ ले गया था। इसके बाद रामकैलाश का पता नहीं चला। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर गुरुवार सुबह घरवालों ने उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। कुश के घर पर वह पहुंचे लेकिन वह भी गायब मिला। हालांकि, इतना सब होने के बाद भी घरवालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शुक्रवार रात ककरहवा घाट कछार पर उसकी लाश मिली, तब शिवकुटी पुलिस को जानकारी हुई कि वह बुधवार से गायब था।

### आरोपित कुश को पकड़ने के लिए पुलिस की दबिश

रामकैलाश की मौत मामले में नामजद आरोपित कुश की तलाश में पुलिस ने शनिवार देर रात कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आरोपित के तीन करीबियों को पूछताछ के लिए उठाया। हालांकि वह भी पुलिस को कोई महत्वपूर्ण जानकारी नहीं दे सके। कुश का जो मोबाइल नंबर बताया गया, वह भी घटना के बाद से स्विच आफ है, जिस कारण उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है।

# क्रियायोग कर आशुतोष मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने मन मोहा

## अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम व एसपी गंगापार कार्यक्रम में हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

### आशुतोष मेमोरियल स्कूल में मेगा इवेंट्स संपन्न

**हनुमानगंज।** आशुतोष मेमोरियल स्कूल धनैचा मलखानपुर में रविवार को मेगा इवेंट्स कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की प्रतिभाओं का स्पर्धात्मक परख करते हुए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्रियायोग आश्रम के संस्थापक स्वामी श्री योगी सत्यम जी के उपस्थिति में बच्चों ने दुर्लभ क्रियायोग कर मन मोह लिया। स्वामी जी ने बच्चों को क्रियायोग से ही दिल दिमाग विकसित होने का राह दिखाया। कागज पर विभिन्न कलाकृतियां उकेर बच्चों ने अद्भुत कला का परिचय दिया। इसी तरह एकल एवं ग्रुप डांसिंग की प्रस्तुति कर बच्चियों ने मन मोह लिया। बच्चों की डांस प्रतिभा देख हैरत में रहे जज बने सुरभि पांडेय, सुजीत कुमार, यशराज सोनकर नंबर वन बमुश्किल चुन सके।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूल की प्रशंसा की। एसपी अभिषेक अग्रवाल, विजय राय, सुशील कुमार दुबे ने प्रतियोगिता में अव्वल रहे जान्हवी, अनन्या, आयुषी आदि बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। स्कूल की कोऑर्डिनेटर अदिति सिंह एवं प्रबंधक डॉ गिरीश कुमार पांडेय ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार जताया। कार्यक्रम में केके मिश्र, अमृता राय, अनुराग पांडेय, कमलेश तिवारी, मनोज प्रजापति की भूमिका सराहनीय रही।




बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा देते क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

## बैठक में कई बिंदुओं पर लिया गया निर्णय, आगामी 14 अप्रैल को वार्षिक सम्मेलन तय

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक केपी मिनी कम्युनिटी सेंटर प्रयागराज में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन का वार्षिक सम्मेलन एवं गठित इकाइयों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मंथन किया गया। रुबरु हुए पत्रकारों ने आगामी 14 अप्रैल 2022 को वार्षिक सम्मेलन कराए जाने का निर्णय लिया। इस दौरान संगठन का परिचय पत्र का वितरण भी किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ल ने वार्षिक सम्मेलन के लिए उपस्थित पत्रकारों से सुझाव मांगे। जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से एक जुट होकर भव्य वार्षिक सम्मेलन संपन्न कराने हेतु प्रेरित किया। श्री मिश्र ने गंगापार, यमुनापार तथा महानगर की इकाइयों के शीघ्र विस्तार पर भी बल दिया। मुख्य महासचिव राजेंद्र सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए वार्षिक सम्मेलन में होने वाले अनुमानित खर्च एवं संभावित कार्यक्रम की सफलता को लेकर खाका खींचा। प्रांतीय मुख्य महासचिव माधवेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ महमूद आलम, महानगर अध्यक्ष एस के इलाहाबादी, गंगापार जिलाध्यक्ष शाश्वत तथा यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र ने वार्षिक पत्रकार सम्मेलन कार्यक्रम को शहरी क्षेत्र में ही करने का सुझाव देते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। बैठक में महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गंगापार महासचिव रूप नारायण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आनंद सिंह, अनुराग वर्धन सिंह, प्रवक्ता मोहित निषाद, जितेंद्र चौधरी, अनुराग पटेल, मेजा तहसील सलाहकार सुशील पांडेय, फूलपुर तहसील अध्यक्ष अभिजीत द्विवेदी, उपाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, चंद्रशेखर सिंह, रजनीश कुमार, गोलू श्रीवास्तव, महानारायण पांडेय आदि पत्रकारगणों ने संगठन विस्तार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वार्षिक सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आगामी 14 अप्रैल 2022 को वार्षिक पत्रकार सम्मेलन के लिए के पी मिनी कम्युनिटी सेंटर प्रयागराज को फाइनल किया गया। इस दौरान प्रांतीय मुख्य महासचिव को प्रांतीय अध्यक्ष, डॉ महमूद आलम को जिला उपाध्यक्ष से प्रांतीय मुख्य महासचिव तथा मेजा तहसील सलाहकार सुशील पांडेय को मंडल महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।



नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन प्रयागराज की ओर से आयोजित बैठक के दौरान ग्रुप फोटो।

### पांच अप्रैल से पहले होगा चयनित शिक्षकों का समायोजन

**प्रयागराज।** टीजीटी-पीजीटी 2021 में चयनित शिक्षकों को पांच अप्रैल से पहले विद्यालयों में समायोजित कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के सचिव की ओर से यह आश्वासन मिलने के बाद चयन बोर्ड पर पांच दिनों से जारी धरना रविवार को समाप्त कर दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों समायोजन के लिए कई दिनों से चयन बोर्ड दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। युवा मंच के बैनर तले चयन बोर्ड पर धरना दे रहे अभ्यर्थी मांग कर रहे थे कि जब तक समायोजन नहीं होता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। युवा मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर चयनित अभ्यर्थियों के समायोजन को पूर्ण कराने का आग्रह किया था।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के पदाधिकारियों ने भी रविवार को चयन बोर्ड पर जारी धरने में शामिल होकर अभ्यर्थियों को आंदोलन को अपना समर्थन दिया। युवा मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह के अनुसार देर रात प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में चयन बोर्ड के सचिव नवल किशोर अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे और आश्वासन दिया कि पांच अप्रैल से पहले समायोजन पूर्ण कर लिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।



### सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के कार्यकताओं ने की गंगातट की सफाई

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में नैनी के अरैल स्थित नए पक्के घाट के गंगा तट पर कार्यक्रम अधिकारी- प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर जनजागरण के माध्यम से स्नानार्थियों, नाविकों एवं तीर्थ पुरोहितों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रम्हवाहिनी प्रयागराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी के कर कमलों द्वारा संस्था के पदाधिकारियों/सदस्यों को टी-शर्ट वितरित किया गया और उनके द्वारा स्वच्छता अभियान की टीम की सराहना की गई।संस्थान के पदाधिकारियों में संदीप सिंह एवं मनीष शुक्ला ने बताया कि संस्था विगत चार वर्षों से प्रयागराज जिले में निरंतर स्वच्छता अभियान की मुहिम को चला रही है। जिसमें वर्तमान में सैकड़ों लोग जुड़कर अपनी अपनी भागीदारी निभा रहें हैं। इस दौरान संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, डाःएस बी यादव, सहदेव चौरसिया, कार्तिकेय तिवारी, कुंवर अलख प्रताप सिंह, आत्म प्रकाश यादव, सुनील कुशवाहा, सूरज त्रिपाठी, डाः प्रमोद मिश्रा, समरेंद्र मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, कृष्णा मिश्रा, आलोक मिश्रा, रवि यादव, अरनव तिवारी व तुलसी तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटरों पर नकेल कसेगा निगरानी दस्ता, हर थाने में किया गठन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिले में नई पहल की गई है। इसके लिए प्रत्येक थानों में निगरानी दस्ते का गठन किया गया है। यह दस्ता चिह्नित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों व अन्य आपराधिक छवि वाले तत्वों की निगरानी करेगा। रोजाना उनकी गतिविधियों की टोह लेगा और बाकायदा इसका रिकॉर्ड भी मेंटेन करेगा। जिले में कुल 40 दस्ते बनाए गए हैं, जिन्होंने रविवार से काम भी शुरू कर दिया। प्रत्येक थाने में एक निगरानी दस्ता बनाया गया है, जिनमें से प्रत्येक में दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यह दस्ता बाइक से लगातार भ्रमणशील रहकर आपराधिक तत्वों के बारे में जानकारी एक त्र करेगा। इसका मुख्य कार्य थाना क्षेत्र में रहने वाले हिस्ट्रीशीटरों व अभ्यस्त अपराधियों के क्रियाकलापों की जानकारी एकत्र कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराना व उनके खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई कराना है। निगरानी दस्ते में तैनात पुलिसकर्मियों को एक प्रारूप भी उपलब्ध कराया गया है। उन्हें इसी प्रारूप पर अपराधी के बारे में सूचनाएं एकत्र कर भरनी होंगी। अफसरों ने बताया कि प्रत्येक टीम में दो आरक्षियों को नियुक्त किया गया है। रविवार को पुलिस लाइन में एडीजी जोन प्रेमप्रकाश व एसएसपी अजय कुमार ने सभी दस्तों को हरी झंडी दिखाकर उनकेकार्यस्थल के लिए रवाना किया।



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हैं एसएसपी प्रयागराज

### एसपी क्राइम सतीश चन्द्र बनाए गए नोडल अधिकारी

निगरानी दस्ते का नोडलअधिकारी एसपी क्राइम सतीश चंद्र को बनाया गया है। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें सभी दस्तों के पुलिसकर्मियों के नंबर जुड़े होंगे। सूचनाओं का आदान-प्रदान इसी ग्रुप के माध्यम से होगा। एसपी क्राइम के कार्यालय में एक रजिस्टर भी होगा, जिसमें ग्रुप में मिलने वाली सभी सूचनाओं का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। साथ ही उन पर की गई कार्रवाई का हिसाब-किताब भी रखा जाएगा। पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है और रविवार से उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है। समय समय पर इसके कार्यों की समीक्षा होगी और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। **- अजय कुमार, एसएसपी।**

# सुलेमसराय में गरजा पीडीए का बुलडोजर विरोध के बीच तोड़े कई अवैध निर्माण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** योगी सरकार की सत्ता में वापसी के बाद अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। रविवार को पीडीए ने सुलेमसराय और धूमनगंज के बीच एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान तीखी नोकझोक भी हुई। कोई विधायक का करीबी बताकर कार्रवाई प्रभावित करने का प्रयास कर रहा था तो कोई न्यायधीश का रिश्तेदार होने की धौंस देता रहा। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं रुकी।

**तीन घंटे तक गरजा बुलडोजर, आज झलवा में होगा ध्वस्तीकरण :** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार तीन घंटे तक चली। शहर में और भी कई अवैध निर्माण करने वालों की सूची तैयार की जा रही है। सोमवार को भी पीडीए की ओर से झलवा में ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की गई है। सुलेमसराय से लेकर धूमनगंज के बीच लगभग एक किलो मीटर की दूरी में 104 अवैध निर्माण कर लिए थे। प्रयागराज में विधानसभा का मतदान होने के बाद पांच मार्च के आसपास पीडीए इसमें से 72 अवैध निर्माण ढहा दिए थे। उसके बाद 15 मार्च को भी दो दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ढहाया गय। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया। जोनल अधिकारी बीपी सिंह ने बताया कि अवैध निर्माण ढहाने के दौरान दर्जनों लोगों ने बवाल करने का प्रयास भी किया। पुलिस मौजूदगी से विवाद नहीं हो पाया। हालांकि कई लोग देख लेने की धमकी दे रहे थे।



**पीडीए सचिव का कहना :** शहर के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया है। उन सभी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में सुलमेसराया और धूमनगंज के बीच अवैध निर्माण तोड़ा गया। अवैध निर्माण पर कार्रवाई के दौरान लोग विरोध करते हैं। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# देश की सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध करना जरुरी: जय प्रकाश

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का परिवार सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहीद उद्यान के उत्सव भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के अंतर्गत कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत परिवार सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रांत के कुटुम्ब प्रबोधन के प्रांतीय सदस्य जय प्रकाश सिंह रहे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता जय प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में परिवार की संकल्पना परिवर्तित होती चली जा रही है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि परिवार यानी कुटुम्ब की संस्कारित परिकल्पना समाज में बलवती रहे, तभी भारत में समाज की उत्कृष्ट अवधारणा पूर्ण होगी। आज हमारे देश की सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध करना होगा, तभी हम अपनी संस्कृति को जीवंत रख पायेंगे। इस दौरान प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक प्रतोष, विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी, जिला संघचालक चिंतामणि दूबे, विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख रघुवीर उपाध्याय, काशी प्रांत के सदस्य नरेन्द्र सिंह, मुरलीधर केसरवानी, अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज सेविका नमिता पाण्डेय भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन हेमंत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राजीव, अंकुर, आर पी सिंह, सतीश, रामचंद्र, पियूष, जयशंकर, अशोक, देवदत, यशोदा, नीलम, रवि, रंगनाथ आदि मौजूद रहे।


परिवार सम्मेलन कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

## पुलिस की सूझबूझ से नवयुगल बंधे वैवाहिक सूत्र में

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दम्पत्ति को कोतवाली पुलिस की सूझबूझ से मंदिर में एक दूसरे का जीवन साथी बनने पर उभय पक्षों में प्रसन्नता देखी गई। कोतवाली मुख्यालय पर स्थानीय थाना के परसपुर निवासी जगत पाल की पुत्री सोना तथा बाघराय थाना के मण्डलभासो निवासी राजाराम सरोज के पुत्र संदीप सरोज के बीच प्रेम संबंधों को लेकर शनिवार की देर शाम तक पंचायत हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों को युगल के बालिग होने का हवाला देते हुए रिश्ते के लिए समझाया बुझाया। दोनों पक्षों में भी प्रेमी जोड़े के एक साथ रहने की जिद को देखते हुए आखिरी में रिश्ते को कबूल करने की रजामंदी बन सकी। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के सुलहनामा के आधार पर स्थानीय कोतवाली के समीप हरिहर मंदिरम में वर-कन्या पक्षों की उपस्थिति में वर व वधू का हिन्दू रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। युगल के शादी के बंधन में बंधते ही दोनों पक्षों के बीच खुशी देखी गई। पुलिस कर्मियों के साथ वर व वधू के रिश्तेदारों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर नवदम्पत्ति को सफल वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# विधान परिषद चुनाव में सपा, भाजपा व जनसत्ता दल ने झोंकी ताकत

## दिलचस्प मोड़ पर पहुंचा त्रिकोणात्मक संघर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधान परिषद के चुनाव में इस बार भाजपा, सपा व जनसत्ता दल ने अपने-अपने प्रत्याशियों को उतारकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। तीनों दलों के प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने मतदाताओं के घर जा-जाकर अपने पक्ष में करने की होड़ लगा दी है।

एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी पहली बार जनसत्ता दल से चुनाव मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह समाजवादी पार्टी से लड़े थे। इस बार समाजवादी पार्टी ने उनके खिलाफ पट्टी के तेज तर्रार नेता विजय यादव को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह को मैदान में उतारकर चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर ला दिया है। तीनों प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये अपने-अपने तर्क दिये जा रहे हैं। बता दें कि ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका, टाउन एरिया के सभासदगण व सभी विधायक इसके मतदाता हैं। चुनिंदा मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क का अभियान चल रहा है। सातों विधान सभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी इसमें अहम होती है। इस बार के विधान सभा के चुनाव में दो-दो विधायक सपा, भाजपा गठबंधन व जनसत्ता दल को मिले हैं। जबकि एक विधायक कांग्रेस की आराधना मिश्र मोना हैं। कांग्रेस ने विधान परिषद के लिये अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। अनुमान है कि कांग्रेस समर्थित मतदाता का मत जनसत्ता दल प्रत्याशी को मिल सकता है, लेकिन रामपुर खास में भी भाजपा मजबूत है, इसलिये यहां भाजपा को भी मत मिलेगा। इस बार कुण्डा व बाबागंज में जनसत्ता दल का मुख्य मुकाबला सपा से हो सकता है। जबकि सदर, रानीगंज व पट्टी में भाजपा मजबूती से लड़ सकती है। उसका मुख्य मुकाबला सपा प्रत्याशी से होने की संभावना है। अभी मतदान में एक सप्ताह बाकी है। इस बार कौन बाजी मारेगा? अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

## कार की टक्कर से व्यापारी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर रविवार की दोपहर लगभग दो बजे चैरही गाव के सामने तेज रफ्तार से जा रही कार की टक्कर से सड़क किनारे अमरूद बेच रहे व्यापारी दयानंद सोनकर पुत्र शम्भूनाथ सोनकर (48) वर्षीय चैरही निवासी की मौके पर मौत हो गई जिससे अनियंत्रित कार मोटरसाइकिल को टक्कर मारती हुई आम के पेड़ से टकरा गई जिसमें चालक घायल हो गया जिसे उपचार के लिए भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुची मानिकपुर पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा मृतक के परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ घटना की तहरीर पुलिस को दी।

# पुलिस की सक्रियता के चलते विवाद होने से टला

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान चैकी के अस्थान गाव में शनिवार की देर रात को विवादित इमामबाडा की जमीन पर हनुमान जी की मूर्ति रखने से आपसी सौहार्द बिगड़ने से टल गया।

अस्थान गांव निवासी नसीम अहमद व मोबीन अहमद पुत्र गण स्व0 मो0 हनीफ ने रविवार को अस्थान चैकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह को दिए गए तहरीर में शिकायत किया है कि शनिवार की रात लगभग नौ बजे गांव के आधा दर्जन लोगों ने मेरी जगह पर इमामबाडा के बगल में चबूतरा बनाकर उस पर जबरन मूर्ति रख दिया और मनाकर करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

घटना की सूचना रात को अस्थान चैकी इंचार्ज को दिया खबर मिलते ही रात में ही चैकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने हम राही के साथ घटना स्थल पर पहुचे और आरोपियों द्वारा रखी गयी विवादित जगह से मूर्ति को अपने साथ ले गई। आरोप है कि आरोपीगण द्वारा गांव का आपसी माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आये दिन मुझे व मेरे परिवार वालो को परेशान करते है और गाव छोड़कर भाग जाने की धमकी देते हैं। मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। इस बाबत पूछे जाने पर अस्थान चैकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नसीम व सलीम के बीच इमामबाडा के पास जमीन का विवाद है जिसकी नाप जोख भी राजस्व कर्मी कर चुके है, विपक्षी मूर्ति रखकर कब्जा करना चाहते है। नसीम द्वारा दी गयी तहरीर फर्जी व गलत है अस्थान में किसी प्रकार को दोनों समुदाय में कोई तनाव नही है। शनिवार की रात हुई घटना की तहरीर सलीम ने पुलिस को दी है।

## प्रशिक्षण केन्द्र से लैपटाप व अन्य उपकरण चोरी

**प्रतापगढ़।** शनिवार की रात लगभग साढे.सात बजे इंटर कॉलेज के कक्ष में कौशल विकास के प्रशिक्षण केंद्र में दीवार फांदकर घुसे चोरों ने लैपटॉप सहित अन्य उपकरणों की चोरी कर ली। रात पहुंचे गार्ड को जानकारी होने पर चोरी की सूचना विद्यालय प्रबंधक व केंद्र प्रभारी को दी। केंद्र प्रभारी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में एसओ कंधई सत्येन्द सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में चोरी की सूचना मिली है, पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करेगी।

# शिक्षा बुराइयों से लड़ने का हथियार है: श्यामजी

## जायसवाल समाज द्वारा हुआ होली मिलन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जायसवाल समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। श्रीराम वाटिका में समारोह की शुरूवात भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगो का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अटल गुप्ता ने कहा कि शिक्षा और मेहनत ऐसी सुनहरी चाबी होती है, जो बंद भाग्य के दरवाजे बहुत आसानी से खोल देती है।

जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा बुराइयों से लड़ने का हथियार है। शिक्षा से इंसान अपनी जिंदगी में आई समस्याओं को हल कर सकता है। महामंडलेश्वर संतोषानंद जी महाराज ने कहा कि होली पर बुरे अनुभवों व असफलताओं को एक कागज पर लिखकर होलिका में डाल दे। मन में चल रहे नकारात्मक भावो को अग्नि में डाल दे। प्रदेश महासचिव अनिता जायसवाल, रामशंकर जायसवाल, विशाल जायसवाल, जुग्गीलाल जायसवाल ज्योति जायसवाल आदि ने अपने विचार रखे। संचालन आदर्श जायसवाल ने किया, इस अवसर पर संरक्षक महामंत्री विजय जायसवाल, जिलामंत्री रवींद्र जायसवाल, ध्रुव जायसवाल, रोहित, अजय, मोनू, मुकेश, राजू, सुधीर जायसवाल, प्रिंस जायसवाल आदि मौजूद रहे।


जायसवाल समाज के होली मिलन समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं।

# चमक रहा है सूरज सा किरदार बेटियों का.....

## पीबीपीजी कालेज में हुई कवि गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी राष्ट्रीय सेवा योजना के कैम्प में रविवार को कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रचनाओं से साहित्यकारों ने वाहवाही लूटी। काव्य गोष्ठी की शुरूआत सरस्वती वन्दना से हुई।

नागेन्द्र अनुज ने बेटियों से जुड़ी रचना सुनाई-कुदरत है दिया हमें उपहार बेटियों का, धन्य हो गए हम तो पाकर प्यार बेटियों का। चन्दा से उपमा देना अब बन्द किया जाए, चमक रहा है सूरज सा किरदार बेटियों का। गजलकार राजमूर्ति सिंह सौरभ ने पढा दोस्ती की मिसाल रखियेगा, दुश्मनी कल पे टाल रखियेगा। कहते-कहते छलक पड़ी आंखे, आप अपना ख्याल रखियेगा। सुनील प्रभाकर ने पढ़ा वीर शिवा का हर बहुओं को मां कहना खो गया कहां। जौहर तक कर देने वाला, बहनों का मन सो गया कहां पढ़कर वाहवाही लूटी। इसके अलावा प्रियांजलि तिवारी, अंशिका सिंह, आयुषी मिश्रा, शिवांश सिंह, प्राची जायसवाल, आनन्द सिंह ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। अध्यक्षता डॉ. बृजभानु सिंह ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत एवं डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को प्रणव ओझा, कुलदीप सिंह, रवि प्रकाश सिंह ने सम्बोधित किया।



पीबीपीजी कालेज में आयोजित कवि कोष्ठी में काव्यपाठ करते कवि।

## छात्रा के अपहरण पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने छात्रा के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज नगर निवासी अनिल गुप्ता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस मार्च को उसकी पुत्री श्रेया (16) सुबह दस बजे घर से स्कूल के लिए निकली। देर शाम वह घर वापस नहीं आई तो परिजन परेशान हो उठे। छात्रा का मोबाइल स्विचऑफ मिला, इधर विद्यालय में पता करने पर परिजनों को जानकारी हुई कि छात्रा दोपहर बाद से स्कूल से निकल गई थी। पीड़ित ने पुत्री के साथ अप्रिय वारदात की आशंका जताई है।

# संचारी रोग नियंत्रण में लापरवाही होगी अक्षम्य: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर टीटीएफ की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य एवं अभियान से जुड़े विभाग समन्वय स्थापित कर आगामी अट्ठाईस मार्च तक माक्रोप्लान उपलब्ध करायें। वहीं एसडीएम ने अभियान को लेकर सभी ग्राम पंचायतों में गुणवत्ता पूर्ण साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों तथा तालाबों की शत प्रतिशत साफ सफाई के साथ प्राथमिक शिक्षा विभाग से अभिभावकों में जागरूकता को प्रभावी बनाए जाने को कहा।

एसडीएम ने बाल विकास परियोजना व पशुपालन तथा कृषि विभाग को भी अपने उत्तर दायित्वों के प्रति सजग भूमिका को लेकर सचेत किया। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर शासन स्तर पर जिम्मेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक का संयोजन अधीक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ. आनन्द तिवारी, डॉ. अजय कुमार, प्रभारी सीडीपीओ मनोरमा मिश्र, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी, बी.ई.ओ. मो. रिजवान, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. पंकज सिंह, राकेश पाण्डेय आदि रहे।

# डाकबंगला नहरकोठी की बाउंड्रीवाल अतिक्रमण से परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सरकारी डाक बंगला नहर कोठी नवाबगज में प्रदेश के मुख्यमंत्री का बुलडोजर कब चलेगा। लोग धीरे धीरे करके अपनी दुकान खोलकर कब्जा कर ले रहे हैं और विभाग मौन बैठा हुआ है। मामला जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां लवाना मार्ग के डाक बंगला नहर कोठी का है जहाँ बाउंड्री वाल के दोनों तरफ बने मुख्यगेट के अगल बगल दुकानदारों द्वारा टीन सेट छप्पर डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी जानकारी डाक बंगला में तैनात कर्मचारी को है लेकिन कुछ भी कहना मुनासिब नही समझ रहे है जिससे साफ जाहिर होता है कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदार व डाक बंगला की देख रेख करने वाले कर्मचारी से माहवारी लेते है तभी तो दर्जनों लोगों ने अतिक्रमण कर अपना कारोबार शुरू कर दिया है। जब कि डाक बंगला नहर कोठी में यदा कदा उच्च अधिकारी का आवागमन होता है फिर भी उनकी नजर अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों पर नही पड़ती। जब कि जिले से लेकर तहसील स्तर तक के अधिकारी डाक बंगला के सामने से गुजरते है लेकिन कुछ भी कहना मुनासिब नही समझते है।

# एमडीपीजी कालेज में विषम सेमस्टर की परीक्षा में 15 अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं आज रविवार को भी जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। एमडीपीजी कॉलेज में आज द्वितीय पाली में एम ए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हुई। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि परीक्षा में 211 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 196 उपस्थित तथा 15 अनुपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में सघन तलाशी के बाद ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने दिया गया और कमरों में भी आंतरिक सचल दल सतत निगरानी करता रहा।

## एनएसएस शिविर में स्वच्छा अभियान पर दिया गया जोर


विषय सेमेस्टर की परीक्षा का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

उधर एमडीपीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का कार्यक्रम पूर्णतया बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर आधारित रहा। छात्र छात्राओं के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रारंभ में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा परिसर की साफ सफाई की गई। इसके पश्चात डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय व डॉ. अमिता मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में बेटियों के बहुमुखी विकास के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई गई योजना बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ पर छात्र छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय कार्यक्रमाधिकारी (पुरुष) ने बताया कि बेटियां परिवार व समाज ही नहीं वरन देश-विदेश तक अपना परचम लहरा रही हैं। डॉ. अमिता मिश्रा कार्यक्रमाधिकारी (महिला) ने बेटियों के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि भारत सरकार को महिला सशक्तिकरण पर अधिक बल देना चाहिए, उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार व समाज ही नहीं अपितु देश विदेश का अस्तित्व भी बेटियों पर निर्भर है। इस अवसर पर कई प्रतिभाशाली बेटियां और बेटों ने प्रस्तुतीकरण किया जिसमें नंदिनी त्रिपाठी शांभवी सिंह, आकांक्षा मिश्रा, शिखा शुक्ला ,अंशिका पाण्डेय, अमरेंद्र प्रताप सिंह एवं अंकित कुमार पाल प्रमुख रहे।

## हेमवती नंदन बहुगुणा में सुचितापूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में चल रही परीक्षा एम ए, एम एस सी, आज सुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई। प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र की दूरदर्शिता एवं सक्रियता के चलते छात्र नकलविहीन परीक्षा देते पाए गए। आज दूसरी पाली की परीक्षा में 175 छात्रों ने परीक्षा दी। 25 छात्र परीक्षा छोड़ दिये। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र हेमवतीनंदन बहुगुणा पी जी कालेज ने दी।

## थाने से चंद कदम की दूरी पर ताला तोड़कर चुरा ले गई बैटरी

**प्रतापगढ़।** दो दिन पहले रेलवे चोर की गैंग से बरामद डेढ़ लाख की संपत्ति ने आरपीएफ की सुरक्षा की कलई खोल कर रख दी है। थाने से चंद कदम की दूरी पर टीआरडी उपकेंद्र का ताला तोड़कर चोर 37 बैटरी उठा ले गये और इसकी सुरक्षा में लगी आरपीएफ को घटना की भनक तक नहीं लग पाई। जबकि दावा यह किया जाता है कि यार्ड में परिंदा पर नहीं मार सकता है। जबकि चोर लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर गये।

# लायंस क्लब का भव्य होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

## जनपद के नामचीन कवियों ने जमकर लूटी महफिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के निजी होटल में लायंस क्लब हर्ष द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के नामचीन कवियों द्वारा एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस कवि गोष्ठी का संचालन देश के जाने माने कवियों में शुमार लायन डॉक्टर श्याम शंकर शुक्लश्याम जी ने किया।

गोष्ठी के प्रारंभ में ही अनूप अनुपम ने अपनी रचना क्या सच है क्या झूंठा जीवन, किसकी मेहरबानी है, उस बूढ़े बरगद से पूछो जिसकी उम्र पुरानी हैसे पूरी महफिल में समां बांध दिया। मशहूर कवि राज नारायण शुक्ल राजन ने अपने घर की मैं हूं दुलारी बड़ी, मुझसे मत काम कराया करो रचना से जमकर तालियां बटोरी। डॉक्टर श्याम शुक्ल ने सैंया भए मतवाला ,मैं क्या करूं और जीवन में मेरे तू एक चंद्र की कला, तेरे नाम पर जिया हूं, तू मेरी कोकिला अपनी रचना से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। लायंस क्लब हर्ष ने इस अवसर पर लायन डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ल श्याम, अनूप अनुपम और राज नारायण शुक्ल राजन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक लायन सतीश शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन क्षितिज श्रीवास्तव, प्रसाशक लायन संतोष भगवन, अध्यक्ष लायन राजेश कुमार पाल, सचिव लायन अश्वनी सिंह, कोषाध्यक्ष लायन अमितेद्र श्रीवास्तव, लायन के बी सिंह, लायन आलोक सिंह, लायन अरविंद सिंह, लायन अजय कुमार श्रीवास्तव, अमर नाथ सिंह, रामेश्वर पांडेय,विनय सिंह भोला,केशव पाल, प्रताप सिंह, संदीप श्रीवास्तव, लालजी चैरसिया आदि मौजूद रहे।


लायंस क्लब के होली मिलन समारोह में सम्मानित कविगण।

## एमएलसी प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसम्पर्क

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालांकार के ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य रविवार को जनसत्ता दल के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के पक्ष में न्याय पंचायत लवाना एवं कुसुवापुर में ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर संजय त्रिपाठी के साथ सम्पर्क किया और कहा कि इस क्षेत्र में और कोई सक्षम प्रत्याशी नहीं है, इसलिये हम सबको जनसत्ता दल के प्रत्याशी पर भरोसा करना चाहिये।

## खबर संक्षेप

### प्रधान पति एवं प्रधानाध्यापक पर कबाड़ चोरी का युवक ने लगाया आरोप

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड के किशुनपुर अम्बारी निवासी पिंटू सिंह ने जिला अधिकारी कौशांबी को ऑनलाइन शिकायत करते हुए बताया कि हमारे ग्राम सभा किशुनपुर अम्बारी में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मे दो पंचवर्षीय पूर्व से कराए गए सुंदरीकरण कार्य से निकला हुआ विद्यालय का अनुपयोगी लोहा कबाड़ लगभग 30 से 35 कुंतल विद्यालय में रखा हुआ था जिसे वर्तमान ग्राम प्रधान पति मोहम्मद सद्दाम ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार कनौजिया से सांठगांठ करते हुए बगैर नीलामी कराए एवं अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी ना देते हुए चोरी- छिपे विद्यालय में रखा कबाड़ बेच दिया गया है इतने सालों से रखा हुआ कबाड़ बेच कर अपने उच्च अधिकारियों से छिपाने के पीछे प्रधान पति एवं प्रधानाध्यापक की चोरी जैसी बदनियति स्पष्ट कर रहा है। जिसकी जांच कराते हुए दोषियों के ऊपर कार्रवाई किए जाने की मांग जिला अधिकारी से युवक ने की है। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक महेंद्र कनौजिया से बात की गई तो बताया गया कि विद्यालय में एक पुरानी अलमारी वह कुछ कुर्सियां पड़ी थी जिसे ग्राम प्रधान पति द्वारा ले जाकर बेच दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश में सुशासन का पर्याय बन गया बुल्डोजर : वेद पाण्डेय

## पश्चिमशरीरा कस्बे में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सिराथू के लाल केशव प्रसाद मौर्या के पुनः उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर रविवार को कस्बा पश्चिम शरीरा के लोगों ने सैकड़ों की संख्या में निकल कर बुलडोजर रैली निकाली। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जय श्रीराम बुलडोजर बाबा आए हैं, माफियाओं की खैर नहीं की नारों को बुलंद किया। मौजूद सभी नेताओं ने एक सुर में कहा कि जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की सरकार में कौशांबी लाल केशव प्रसाद मौर्या को फिर से उप मुख्यमंत्री बनाया गया है, वह जिले की सम्मान के फिर से स्थापित होने जैसा है।

पश्चिम शरीरा कस्बे में निकाली गई इस रैली में बोलते हुए पूर्व विधायक लाल बहादुर ने कहा कि एक बार पुनः उत्तर प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पुनः योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार बना कर यह साबित किया है, कि उत्तर प्रदेश की जनता अब प्रदेश में माफिया नहीं बल्कि बुलडोजर बाबा की सरकार चाहती है। एक दूसरे को मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में बोलते हुए पार्टी नेता वेद प्रकाश पांडेय सत्यार्थी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बुलडोजर सुशासन का एक पर्याय बन गया है। जो तय करता है कि अपराधी यदि जेल में नहीं रहेंगे, तो उनका घर और व्यापार भी उत्तर प्रदेश में नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश के इतिहास में 32 वर्षों में पहली बार है कि कोई भी सरकार लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत से आई है। मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की यह प्रचंड बहुमत वाली विजय साबित करती है कि उत्तर प्रदेश की जनता को भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर भरोसा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन सिंह, संजय जायसवाल, वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, लवलेश लोधी, राजनरायन शर्मा, प्रकाश दुबे उमेश केसरवानी, नितिन सिंह, मो मुकीम, रिशु सिंह, विवेक केसरवानी ,ऋषि केसरवानी, प्रदुम सिंह, गणेश मौर्या, हरी ओम, आकाश कौशल, अनुज गुप्ता, वाशु गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



बुलडोजर यात्रा निकालते भाजपा नेता

# ससुर खदेरी नदी की जमीन पर भू माफियाओं ने प्लाटिंग करना किया शुरू

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम समाज कब्रस्तान मरघट कुआं की जमीन बेचकर मालामाल हुए भू माफियाओं की नजाकत नदी की जमीनों पर भी लग गई है नदी की जमीन बेचने में लगे भू माफियाओं की कारस्तानी से अधिकारी बेखबर है जिससे भू माफियाओं के हौसले बुलंद है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित ससुर खदेरी नदी के जमीन से जुड़ा है। ससुर खदेरी नदी की जमीन के किनारे हिस्से को भूमाफियाओं ने बीते कई महीने से प्लाटिंग करना शुरू कर दिया है करोड़ों रुपए के प्लाट भू माफियाओं ने बेच कर धन अर्जित किया है नदी की जमीन बेचकर फर्जी तरीके से उप निबंधक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराई जा रही है राजस्व कर्मी भू माफियाओं के घुटनों पर गिरे दिखाई पड़ते हैं जिससे ससुर खदेरी नदी के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो रहा है दूसरी तरफ नदी के किनारे जमीन खरीद कर भवन बनाए जाने से कभी बाढ़ आने पर मकान बाढ़ में डूब सकते हैं और मकान बाढ़ में डूब जाने के बाद भवन स्वामी सरकार से मुआवजे की मांग करेंगे समय रहते नदी की जमीन पर भवन बनाए जाने वाले और नदी की जमीन पर प्लाट बनाकर बेचने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर मुकदमा दर्ज कराते हुए ससुर खदेरी नदी के अस्तित्व को बचाना होगा इस संबंध में ग्रामीणों ने पूर्व में आवाज भी बुलंद की लेकिन राजस्व कर्मियों की भू माफियाओं से सांठगांठ के चलते ससुर खदेरी नदी की जमीन का अस्तित्व बचता नहीं दिख रहा है।

# मनुष्य जन्म का मूल उद्देश्य परमात्मा की भक्ति करना है : संत रामपाल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों के द्वारा मंझनपुर कस्बे के धाता रोड में बीपी पब्लिक स्कूल में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया इस सत्संग कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से अनुयायियों और स्थानीय लोगों को संत रामपाल जी महाराज के उपदेश ज्ञान को बताया गया एलईडी के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज ने बताया कि समाज में फैल रही बुराइयां कुरीतियाँ पाखंड वाद नशा चोरी रिश्वतखोरी भ्रूण हत्या मर्डर बलात्कार जैसी अन्य तमाम घटनाओं से बचने के लिए लोगों को तत्वज्ञान सभी पवित्र धर्मों के पवित्र शास्त्र उजागर करते हैं संत रामपाल जी महाराज ने कहा कि मनुष्य भविष्य में कोई अपराध न करें मनुष्य जन्म का मूल उद्देश्य परमात्मा की भक्ति करना है मनुष्य इस मृत मंडल पर जन्म लेकर तत्वज्ञान को भूलकर समाज में फैली कुरीतियों के चलते भयानक अपराध कर बैठता है इस तत्वज्ञान को सुनकर लाखों लोगों ने दहेज रूपी दानव और भयानक रोगों से लाभ लिया है सत्संग के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज ने कहा कि तत्वज्ञान को सुनकर समाज बदल रहा है इस मौके पर रमाकांत दास सुभाष दास अमृत लाल दास लक्ष्मण दास ललित दास तरुण दास राजकुमार दास राम लखन दास हुबलाल दास जिया लाल दास पुष्पा दासी मीरा दासी शांति दासी राजकुमारी दासी सहित बाबा रामपाल जी महाराज के सैकड़ों अनुयायी मौजूद रहे।



सत्संग सुनते महिला पुरुष अनुयाई

### घर में लगी आग दो पशुओं समेत गृहस्थी जलकर खाक

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा कायथ के पुरवा में शिव जन्म सिंह यादव उर्फ बंगाली के घर भीषण आग लग गयी जिसमें घर में रक्खी गृहस्थी समेत गाय और भैंस की जलकर मौत हो गयी अग्निकांड की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो जाने का अनुमान लगाया गया है अग्निकांड की घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए प्रशासन से नहीं पहुंची आज तक कोई मदद दावे चाहे जितना भी करले सरकार देखने को मिलता है जिला कौशांबी ने प्रशासन के नाकामी का सबूत मिलता है।

### साइबर अपराध के संबंध में की गई गोष्ठी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में साइबर अपराध के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# एनजीपीई-2022 परीक्षा हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा भौतिक विज्ञान परिषद के तत्वाधान में एनजीपीई-2022 परीक्षा का आयोजन किया गया परीक्षा के सेंटर इंचार्ज डॉ नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि परीक्षा हेतु कुल 40 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें से 32 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भौतिक विज्ञान पृष्ठभूमि के स्नातक स्तरीय प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को कोलकाता के एसएन बोस इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंसेज में इंटीग्रेटेड पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश का अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह परीक्षा देशभर में भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद द्वारा आयोजित एनजीपीई के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ0 बीपी त्यागी ने देहरादून से जानकारी दी है कि इस वर्ष देशभर के प्रत्येक प्रदेश से कुल 225परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से एक परीक्षा केंद्र महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी भी बनाया गया। भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में भौतिक विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का आयोजन सफल हुआ है।परीक्षा को संपन्न कराने में महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ0 अनिल कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर ,गणित तथा श्रीमती अनीता केसरवानी, कनिष्ठ लिपिक ने कक्ष निरीक्षक के रूप में सहयोग प्रदान किया। परीक्षा संबंधी अन्य कार्यों में श्री साहनी एवं श्री अजय कुमार ने अग्रणी भूमिका निभाई।



एनजीपीई परीक्षा देते छात्र

# नगर पालिका की धांधली पर शासन सत्ता तक बैठे अधिकारियों ने साधी चुप्पी

अखंड भारत संदेश

**बेवजह विकास कार्यों के नाम पर धन निकासी करना फिर उन्हें तोड़ कर नष्ट करना नगर पालिका की व्यवस्था में हो चुका है शामिलभ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे नगर पालिका के अधिकारियों ने गर्मी के महीने में पौधारोपण कर किया लाखो की रकम बर्बाद**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कस्बा के अंदर सड़क निर्माण नाला निर्माण में जमकर धांधली हो रही है कस्बे के भीतर मस्जिद से लेकर श्याम बाबू नगर पालिका लिपिक घर के पहले तक बनाए जा रहे नाला में मानक की अनदेखी कर ढाई सूत की सरिया नियम से काफी दूर कम संख्या में लगाई जा रही है जिससे नाला कभी भी ध्वस्त हो सकता है नाला निर्माण में मानक के विहीन सीमेंट बालू गिट्टी का प्रयोग ठेकेदार द्वारा खुलेआम किया जा रहा है लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवर अभियंता जानबूझकर मूकदर्शक बने हुए हैं एक वर्ष पूर्व कर्बला के पास से बनाए गए नाला को बिना किसी सक्षम अधिकारी के निर्देश के नगर पालिका के जिम्मेदारों ने तोड़कर सरकारी संपत्ति का बड़ा नुकसान किया है बेवजह विकास कार्यों के नाम पर धन निकासी करना फिर उन्हें तोड़ कर नष्ट करना नगर पालिका की व्यवस्था में शामिल हो चुका है।

जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक भेजे गए शिकायती पत्र के माध्यम से शिकायतकर्ता ने कहा कि इस मामले की जांच कराकर सरकारी संपत्ति के नुकसान की भरपाई नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से कराई जाए नगर पालिका मंझनपुर के नानहुआ के पूरा और गांधीनगर पाता में घटिया क्वालिटी की सड़क बनाई गई है इसकी भी जांच कराए जाने की जरूरत है नगर पालिका क्षेत्र के हैंडपंप के रिबोर के नाम पर लाखों की रकम निकाली जा चुकी है लेकिन हैंडपंप का रिबोर नहीं हो सका है। बीते 20 दिनों से मानक विहीन नाला निर्माण बेखौफ तरीके से नगरपालिका के कस्बे के अंदर मस्जिद से श्याम बाबू लिपिक के घर के पहले तक हो रहा है सड़क निर्माण में भी मानक का प्रयोग नगरपालिका के ठेकेदार नही कर रहे हैं मंझनपुर कस्बे के मस्जिद के पास से बड़ा नाला पूर्व से बना है जिससे कस्बे का पानी बह कर तालाब में जाता था लेकिन इस बार नाला निर्माण में उस नाले की अनदेखी कर दूसरी तरफ दक्षिण दिशा में नाला का निर्माण करने का प्लान बना कर नाला का ढलान किया जा रहा है जबकि नया नाला और पुलिया बनाए जाने की आवश्यकता नहीं थी लेकिन कमीशन खोरी के चलते नया नाला और पुलिया को प्रस्तावित किया गया है जो सर्वथा अनुचित है और नया नाला पुलिया बनाए जाने का बिना उद्देश प्रस्ताव किया गया है जिससे भविष्य में नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी और नगर पालिका परिषद क्षेत्र की आम जनता बेवजह सड़कों पर जलभराव सेपरेशान होगी। नगर पालिका मंझनपुर के लिपिक श्याम बाबू के घर के पास सड़क चौड़ीकरण के नाम पर काम रोक दिया गया है जबकि पूरे नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर नगर वासियों के सैकड़ो भवन को तोड़ दिया गया है नगरपालिका के लिपिक श्याम बाबू का भवन ना तोड़े जाने से सड़क की चौड़ाई के मानक में अंतर हो रहा है जो न्याय संगत नहीं है श्याम बाबू के घर के पास रोके गए नाला निर्माण को नए बस स्टॉप तक आगे बढ़ाया जाए आखिर नगरपालिका के कर्मी के भवन को तोड़ने में पक्षपात क्यों हो रहा है आखिर नगरपालिका लिपिक के किस दबाव में अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता काम कर रहे हैं यह भी जांच का विषय है इतना ही नहीं नगर पालिका क्षेत्र के मंझनपुर चौराहे से जिला अधिकारी आवास रोड पर सड़क के डिवाइडर में पौधारोपण किया जा रहा है सात महीने के बीच तीन बार पौधारोपण कर सरकारी खजाने से लाखो की रकम निकाल ली गई है लेकिन एक बार भी पौधारोपण नहीं तैयार हो सका है भीषण गर्मी मार्च महीने में फिर समदा रोड सड़क डिवाइडर में पौधारोपण किया जा रहा है जबकि बरसात के महीना जुलाई में पौधा रोपण किए जाने का नियम है इस बात को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जानते हैं फिर भी गर्मी के महीने में डिवाइडर में पौधारोपण कर वह सरकारी धन को जानबूझकर बर्बाद कर रहे हैं पौधा को पानी देने के नाम पर प्रतिदिन नगरपालिका का ट्रैक्टर और टैंकर पानी लेकर सड़कों पर आता है जिसमें कर्मचारी का बेवजह वेतन डीजल और समय की बबार्दी हो रही है इस मामले में भी केवल उनकी कमीशन खोरी की मंशा साफ झलक रही है नियम विरुद्ध और प्रकृति के नियमों के विपरीत पौधारोपण कर कमीशन खोरी करने वाले नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के कारनामों की जांच कराए जाने की जरूरत है नगर पालिका में प्रकाश व्यवस्था के नाम पर भी घटिया क्वालिटी के सामानों का उपयोग कर बड़ी धांधली की गई है जिसकी जांच कराए जाने की जरूरत है। नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा बीते 2 वर्षों से विकास के नाम पर किए गए करोड़ो रुपये की हेराफेरी अराजकता धांधली गबन के कारनामों की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवर अभियंता ठेकेदार वा अन्य जिम्मेदारों को दंडित करते हुए बर्बाद किए गए सरकारी धन की रिकवरी इन सरकारी नुमाइंदों से कराए जाने की मांग पत्र के माध्यम से की गई है।



घटिया क्वालिटी के नाला निर्माण का दृश्य

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एंव सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 92 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### तीन बम के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुण्डा पुत्र गजाधर निवासी मूरतगंज थाना कोखराज के कब्जे से 03 अदद देशी जिंदा बम बरामद होने पर गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### सीएमओ ने बांटे फल

**कौशाम्बी।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल टीवी अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीजों को फलों का वितरण किया गया।

# गलियों सड़कों पर भरा है नाला का गंदा पानी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी विकासखंड के अंतर्गत धाना ग्राम पंचायत की सड़कों गलियों में नाला का गंदा पानी भरा रहता है जिससे ग्रामीणों को गांव से निकलने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है नालियों का पानी सड़को पर भरा रहने की शिकायत कई बार ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में की लेकिन गांव की नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भरे रहने की समस्या का समाधान नहीं हो सका है एक तरफ योगी आदित्यनाथ सरकार स्वच्छता अभियान पर जोर दे रही है गांव में सफाई कर्मी की तैनाती भी है लेकिन सड़क पर भरा रहने वाले गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था सफाई कर्मी द्वारा नहीं की जाती है सड़कों पर लगातार पानी भरा रहने से सड़कें भी खराब हो रही है इसके बाद भी अधिकारी बेसुध है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए धाना गांव के सड़क पर भरे गन्दा पानी के निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।



सड़क पर भरे पानी का दृश्य

# फर्जी हस्ताक्षर से निकल रहा विकास का सरकारी धन

## दबंग प्रधान के आगे लाचार वीडीओ नहीं कर पा रहे अपने अधिकार का प्रयोग डीएम से हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड के किशुनपुर अम्बारी की ग्राम प्रधान इशदा परवीन पत्नी मो0 सदाम वर्तमान नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान है प्रधान के हस्ताक्षर से संचालित होने वाले अभिलेखों पर प्रधान पति द्वारा पत्नी प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर सरकारी अभिलेखों में बनाकर फर्जी तरीके से भुगतान किया जा रहा जिसकी शिकायत किशनपुर अंबारी निवासी पिंटू सिंह पुत्र जमुना प्रसाद ने जिला अधिकारी से करते हुए यह आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायतों में होने वाले भुगतान के वाउचर पर प्रधान पति द्वारा अपना फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सरकारी धन निकाल रहा है जिसका जीता जाता उदाहरण दिनांक 25 मार्च 2022 को प्रधान पति के फर्जी हस्ताक्षर से सरकारी अभिलेखों में हस्ताक्षर बनाकर भुगतान निकाला गया है पिंटू सिंह ने शिकायती पत्र में यह भी बताया है कि गांव में प्रधान द्वारा आज तक खुली बैठक भी नहीं कराई गई है प्रधान पति के दबंगई के दम पर खुली बैठक आज तक किसी सार्वजनिक स्थान मे नहीं कराया गया है शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रधान पत्ति इतना दबंग है कि ग्राम विकास अधिकारी के सामने बैठकर पत्नी प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर स्वयं किया करता है ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधान पति सद्दाम के फर्जी हस्ताक्षर का विरोध करने पर उन्हें भी नौकरी ठीक से करने की धमकी दिया शिकायतकर्ता ने आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग ना हो सके।

### जनरेटर का भुगतान डकार चुके ग्राम विकास अधिकारी पुराना जनरेटर दिखाकर होना चाह रहे दोषमुक्त

**जनरेटर की रकम गमन करने पर अभियोग पंजीकृत होने से बौखलाए ग्राम विकास अधिकारी ने पुराने जनरेटर की ब्यवस्था कर होना चाह रहे दोषमुक्त**

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड के बरौलहा ग्राम पंचायत में गौशाला के जनलेटर का मामला सुर्खियों में आने से उच्च अधिकारियों के संज्ञान मे आया था जिसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा गंभीरता दिखाई गई जिस पर जाँच निर्धारित करते हुए कई बिंदुओं से जांच कराई गई जिसमे गौशाला के जनरेटर पंचायत भवन निर्माण व सामुदायिक शौचालय समेत कई गमन के भ्रष्टाचार उजागर हुए थे जिस पर गौशाला का जनरेटर प्रमुख था जिस को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी द्वारा आदेशित कर थाना चारवा में ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश सोनी के ऊपर अभियोग पंजीकृत कराया है अभियोग पंजीकृत होते ही सस्पेंड ग्राम विकास अधिकारी अपने को निर्दोष साबित करने के लिए तरह-तरह की युक्तियां तलाश रहे हैं पुराना जनरेटर खरीद कर फर्जी बिल वाउचर के सहारे अपने आप को निर्दोष साबित करने का वह भरपूर प्रयास कर रहे हैं जिसमें देखना यह है कि क्या पुलिस विवेचक को सस्पेंड ग्राम विकास अधिकारी अपनी चालाकी से चकमा दे पाएंगे या राजनीतिक दबाव बनाकर अपने आप को निर्दोष साबित कर पाते हैं जो विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### पत्रकार के माता का निधन

**कौशाम्बी।** अजय द्विवेदी पत्रकार की माता श्री का निधन 100 वर्ष की उम्र में उनके पैतृक निवास चक थामा गांव में हो गया इस बात की सूचना जब पत्रकारों को हुई तो शोक की लहर छा गयी पत्रकार राजेन्द्र तिवारी बाबा ने कहा कि शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घडी में दुख सहन करने की हिम्मत ईश्वर प्रदान करें और मृत माताश्री की आत्मा को शांति प्रदान करें।

## संपादकीय

## बुलडोजर इंसानी इशारों पर चलने वाला भावहीन यंत्र

**इन** दिनों बुलडोजर बहुत अधिक चर्चा में है, इसकी इतनी अधिक चर्चा इसलिए हो रहीं हैं की देश के एक राजनैतिक दल ने एक बड़े सूबे में अपने राज्य प्रधान को बुलडोजर बाबा के रूप में प्रचारित किया और इस गढ़ी गई छवि पर चुनावी मैदान में उतरकर विजयी प्राप्त करतें हुए सारे देश में बुलडोजर के साथ विजय जुलूस भी निकाल दिया। यूपी प्रधान की बुलडोजर बाबा की गढ़ी गई छवि एमपी में इसी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं को खूब भा रही है। यह भी सुना गया है की राजधानी भोपाल में बुलडोजर मामा के बड़ेझ्रबड़े पोस्टर लगाए गए है। अब चूंकि यूपी के बाबा ने बुलडोजर की सहायता से चुनावी वैतरणी को पार कर लिया है, सो एमपी के मामा ने भी चुनाव करीब आता देख अपनी छवि को बदलने का प्रयास करते हुए बुलडोजर मामा बनने के प्रयास अपने कार्यकताओं के माध्यम से शुरू कर दिए है। बुलडोजर बाबा की अपार सफलता के बाद देशझ्रदुनियां की निगाह बुलडोजर मामा पर टिक गई है। बुलडोजर विनाश का प्रतीक है या विकास का यह तो बहस का विषय हो सकता है किंतु यह भी सच हैं की बुलडोजर के अविष्कार ने इंसानी दुनियां को आसान बना दिया है। अब बुलडोजर है तो अंग्रेजी अविष्कार किंतु स्वदेशी समर्थक भी अब बुलडोजर का सहारा लेने में कोई गुरेज महसूस नहीं कर रहें। सरकारी बुलडोजर जिसे देखकर अक्सर बस्ती के लोग खौफ खाने लगते है। आज वहीं बुलडोजर विजय का प्रतीक बन गया। यूपी के बाबा ने तो बुलडोजर के सहारे अपनी चुनावी जंग में विजय हासिल कर ली है। अब एमपी के मामा की बुलडोजर छवि कितना रंग जमा पाती है। यह एमपी के आगामी विधानसभा चुनाव में पता लग सकेगा। दरअसल नेतागण जितनी तेजी से बुलडोजर छवि को अपनाने में रुचि दिखा रहें है। वह बड़ा सोचनीय, विचारणीय सवाल बन गया हैं। ऐसा क्या है ? बुलडोजर में जो नेताओं को बुलडोजर की छवि इतनी भा रहीं है की बुलडोजर सा दिखने तथा बुलडोजर सा चरित्र धारण करने की होड़ सी मची हुई है। दरअसल बुलडोजर इंसानी दिमाग की उपज है। इस बुलडोजर को इंसान अपने इशारे पर चलाता है। इसकी सहायता से एक और तो इंसान ने प्रगति के नवीन मापदंडों को तय करते हुए समृद्धि की चौड़ी सड़कों का निर्माण किया। नागरिकों के लिए रेल की पटरियां बिछाने के लिए बड़ेझ्रबड़े पहाड़ों को खोदकर छुकछुक को जाने का रास्ता बना दिया। गगनचुंबी इमारतों के निर्माण को भी बुलडोजर ने आसान बना दिया। बड़ेझ्रबड़े पहाड़ों की अकड़ को इस बुलडोजर ने खत्म करते हुए सड़कों और रेलमार्गो में तब्दील कर दिया है। इसका दूसरा पक्ष भी है। बुलडोजर की खोज के बाद सबसे अधिक नुकसान किसी का हुआ तो वह इंसानों का हीं हुआ है। जो कार्य श्रम शक्ति से होते थै। अब वह बुलडोजर की शक्ति से होने लगे। यह 100 आदमी के काम को एक से दो घंटे में पूरा करने लगा। यह यंत्र भारत जैसे देश में बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इसी के नुकीले डंको की सहायता से प्रकृति की बहुमूल्य रेत,मिट्टी, खनिज संपदाओं का दोहन किया जाने लगा जिसने पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़कर रख दिया है। आखिर बुलडोजर है तो महज एक यंत्र। जिस यंत्र का रचियता ही इंसान है फिर इंसान और उसमें भी नेता बुलडोजर की छवि गढ़ने का प्रयास क्यों कर रहे है।

# योगी की दूसरी पारी और 2024 की तैयारी

प्रेम शर्मा

**मुख्यमंत्री प्रदेश की व्यवस्था को जातिवाद से अगर थोड़ा भी निकाल सके, तो यह उनका बड़ा योगदान होगा। इस प्रदेश के दामन पर जातिवाद के दाग अक्सर लगते रहते हैं, कोई भी उत्तर प्रदेश की निंदा करने लगता है या नकारात्मक मिसालें देने लगता है। अतरू सबके विकास पर फोकस करते हुए चलना होगा। प्रदेश मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री सहित 53 मंत्री व राज्यमंत्री हैं। कामकाज के अलावा राजनीतिक समीकरण देखते हुए मंत्री बनाए जाते हैं, लेकिन अब सबका एजेंडा उत्तर प्रदेश का विकास होना चाहिए। उत्तर प्रदेश ने एक सशक्त नेता चुना है, तो उसका पूरा लाभ भी प्रदेश को मिलना चाहिए। दूसरी पारी की पहली कैबिनेट बैठक के बाद शीर्ष अफसरों की बैठक में जिस तरह से सौ दिन, छह माह और 365 दिनों की कार्ययोजना तैयार के जाने के निर्देश हुए है उसके मुताबिक संजीदगी से काम हुआ तो यूपी को देश का नम्बर वन राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को नवम्बर वन पर पहुंचने में देर नही लगेगी**

**उत्तर** प्रदेश में चुनाव से एक माह पूर्व तक बनती बिगड़ती संभावनाओं और रैलियों में उमड़ती भीड़ के दौरान कांटे की टक्कर को स्पष्ट बहुमत में बदलने का कमाल करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग चार दशक बाद लगातार मुख्यमंत्री का इतिहास ही नही रचा बल्कि कई ऐसी इबारत लिखी जिसे दोहरापाना नामुमकिन होगा। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बड़े बड़े अनुभवी राजनैतिज्ञ विशेषज्ञों के अनुमानों को धता दिखाते हुए नए नए चेहरों को लाकर मंत्रीमण्डल समूह का गठन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने पिछले पॉच वर्षो में सरकार और संगठन को बहुत बरीकी से महसूस किया है। नौकरशाही के प्रति उनकी अनदेखी कहे या फिर नौकरशाही की आंकड़ेबाजी जरूर समझने में कुछ चूक योगी आदित्यनाथ से हुई जिसका परिणाम यह रहा कि पिछली बार सिर्फ 50 के अन्दर रहने वाले विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने सौ का आंकड़ा पार कर लिया। सुशासन, गरीबों को राशन सहित कई जनहितैषी योजनाओं की भरमार के बावजूद नौकरशही के नौकरी वाले रवैयें ने योगी आदित्यनाथ के तीन सौ से पार के दावें पर पानी फिरवा दिया। बहरहाल योगी आदित्यनाथ की यह दूसरी पारी पहले से अधिक जिम्मेदारी और जनता के लिए बहुत कुछ करने के साथ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की अभी से तैयारी है। देश की 80 करोड़ आबादी की स्थिति को देखते हुए अगले छह माह तक फ्री राशन योजना को बढ़ाकर केन्द्र की मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश की सरकार को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी का इशारा कर दिया है। केन्द्र सरकार का रास्ता तय करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सदैव सर्वोच्च रही है। राजनैतिक दल कोई भी हो उसकी नजर सबसे पहले उत्तर प्रदेश की राजनीति पर रहती है। विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के बारे में जिज्ञासा के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दल का ही प्रधानमंत्री अबतक भारत सरकार में बनता आ रहा है। पिछली सरकार में मजबूत स्थिति वाले 9 कैबिनेट और 12 राज्य मंत्रियों को संगठन में भेजने की तैयारी के साथ जो योगी सरकार 2.0 के लिए जो टीम चुनी गई है, उसमें परिवर्तन के साथ निरंतरता कायम रखने की दूरदर्शितापूर्ण समझ झलक रही है। आगामी लोकसभा की



तैयारी का परिणाम रहा कि योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री रहे केशव प्रसाद मौर्य के विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया। कारण स्पष्ट है कि प्रदेश बीजेपी में ओबीसी वर्ग के प्रमुख और सबसे विश्वसनीय चेहरा रहे हैं और 2017 के बाद 2022 के चुनावों में मिली जीत में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी रही। दूसरे उपमुख्यमंत्री रहे दिनेश शर्मा की जगह इस बार ब्राह्मण समाज के ही ब्रजेश पाठक को दे दी गई। इसी तरह प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबीरानी मौर्य को मंत्रिमंडल में लेना भी महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रदेव सिंह कुर्मी समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं तो बेबीरानी मौर्य जाटव समाज से आती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में कोई भी मंत्रिमंडल ऐसा नहीं हो सकता जिसमें हर तबके और हर क्षेत्र की भागीदारी हो सके। मगर सही अनुपात में भागीदारी से जुड़े तमाम दावों की असली परीक्षा सरकार के कामकाज से ही होती है। योगी सरकार के सामने भी मूल चुनौती अपने दूसरे कार्यकाल को पहले से बेहतर बनाने और 2024 में एक बार पुनः केन्द्र में भाजपा की सरकार की होगी। प्रदेश में अगर चुनौतियों पर चर्चा की जाए तो चुनाव के दरम्यान जो नाराजगी सरकार के खिलाफ दिखी उसके अनुसार छुट्टा जानवर,स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अनदेखी, प्रदेश पर कर्ज, सरकारी भर्ती,सड़कों का गड्ढा, महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसी चुनौतियॉ होगी। सरकार के सम्बंध के बारे में आलोचना और सरकार की उपलब्धियों निदंक की भूमिका निभाने वाले मीडिया जगत के प्रति सरकारी अफसरों भेदभाव भरी नीति को रोकना भी योगी आदित्यनाथ की दूसरी पारी में बड़ी चुनौती होगा। यह अलग बॉत है कि सतसइया के दोहरा ज्यों नावक के तीर दिखन में छोटे लगैं घाव करैं गम्भीर। जैसे सारगर्भित दोहे की सरकार और उसके कारिन्दे हमेंशा ही अनदेखी करती रही है। चुनाव परिणामों में भाजपा के नेताओं के प्रति आभार भाव कायम था, इसलिए जनता ने सीटें भले कम कर दीं, पर फिर शासन का मौका दिया। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह कहना पड़ा कि प्रदेश में वंशवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम किया। अब हम लोगों की आय को दोगुनी करेंगे। प्रदेश को नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

दरअसल, अर्थव्यवस्था ही वह कमजोर नब्ज है, जहां सरकार की वास्तविक परख होने वाली है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का विकास देश की चंद बहुत बड़ी चुनौतियों में शुमार है। यहां विकास की बुनियादी रूपरेखा को और दुरुस्त करने की जरूरत है।

यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसी बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में विकास की बुनियाद सशक्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश के पास ऐसा बहुत कुछ है, जिस पर सब गर्व कर सकते हैं। अभी जो परियोजनाएं चल रही हैं, उन्हें जल्द पूरा करने पर प्रदेश सरकार का जोर होना चाहिए। पिछली सरकार में लगातार गड्ढा मुक्त सड़कों चर्चा को अब फलीभूत करना होगा। चुनाव अगर श्रेय लेने का समय होता है, तो जनता ने योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार को श्रेय दे दिया है, लेकिन अब फिर काम में लग जाने का समय है। विधायक दल को संबोधन में मुख्यमंत्री ने जो कहां, उनको साकार करने में सरकार को लग जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार की जरूरत है, तो राज्य सरकार को ऐसे तमाम प्रबंध करने चाहिए, जिनसे प्रदेश में निवेश बढ़े। भौगोलिक और व्यावसायिक लिहाज से उत्तर प्रदेश एक बेहतर जगह है, पर इस प्रदेश को जितना मिलना चाहिए, उतना नहीं मिला है। भारी राजनीतिक बढ़त या वजूद को आर्थिक विकास में तब्दील करने का वक्त आ गया है।

मुख्यमंत्री प्रदेश की व्यवस्था को जातिवाद से अगर थोड़ा भी निकाल सके, तो यह उनका बड़ा योगदान होगा। इस प्रदेश के दामन पर जातिवाद के दाग अक्सर लगते रहते हैं, कोई भी उत्तर प्रदेश की निंदा करने लगता है या नकारात्मक मिसालें देने लगता है। अतरू सबके विकास पर फोकस करते हुए चलना होगा। प्रदेश मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री सहित 53 मंत्री व राज्यमंत्री हैं। कामकाज के अलावा राजनीतिक समीकरण देखते हुए मंत्री बनाए जाते हैं, लेकिन अब सबका एजेंडा उत्तर प्रदेश का विकास होना चाहिए। उत्तर प्रदेश ने एक सशक्त नेता चुना है, तो उसका पूरा लाभ भी प्रदेश को मिलना चाहिए। योगी सरकार की दूसरी पारी की पहली कैबिनेट बैठक के बाद शीर्ष अफसरों की बैठक में जिस तरह से सौ दिन, छह माह और 365 दिनों की कार्ययोजना तैयार के जाने के निर्देश हुए है उसके मुताबिक संजीदगी से काम हुआ तो यूपी को देश का नम्बर वन राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को नवम्बर वन पर पहुंचने में देर नही लगेगी।

अपवाद स्वरूप कुछ पक्षपात मुख्यमंत्री से नजर बचाकर आला अफसर भले ही कर रहे हो लेकिन मुख्यमंत्री बहुमत के साथ ताकतवर, बुद्धिमान भी है। ऐसे में अगर मीडिया जगत के कुछ लिखने पढ़ने वाले लोग सरकार से नाराज भी है तो सरकार की सेहत पर कोई फर्क नही पड़ेगा।

# नीले रंग की ट्वीट्याती चिड़िया

**सुनील कुमार महला**

चूं चूं...चीं चीं पीं पीं पीं पीं...चां..चां...चीं... चीं...चू... चीं पीं चीं पीं....चूं...चं चं चं चां...खां..खां..खीं...खीं जारी है। कलरव ये न्यारी है, जो आजकल सब पर पड़ रही भारी है। हर तरफ चहचहां कहकहां लगा है। नीले रंग की इस छोटी सी चिड़िया ने सबकी नाक में दम कर रखा है। ये चिड़िया बड़ी खतरनाक हैं, सबकी ये बाप है, हरेक को इसकी झांक है, गियर इसका टॉप है, करते हम इसका जाप साप हैं। ये जब चाहे भिनभिनाने लगती है, फनफनाने लगती है, टनटनाने लगती है। ये अपने राग में चपचपाती है तो आदमी की, सरकार की, सबकी खटिया खड़ी कर देती है। इसकी चिकचिक भिकभिक लिपलिप सिपसिप से दिमाग क्या आत्मा सात्मा तक की सभी बत्तियां खुल जाती हैं, अजी ! इसकी चीं चीं पीं पीं बिना होली के भी रंग लाती है। अब तो वैसे भी होली आई गई हो गई, लेकिन आपको क्या लगता है होली के वसंत में ये चिड़िया सो गई ? ये सोते सोते भी ट्वीटयाती है और इसके ट्वीटयाने पर व्यंग्य ही व्यंग्य बरसते है। बड़े लोगों के पास टाइम नहीं है, इसलिए ट्वीट ही ट्वीट पर गरजते हैं। ये लिखती छोटा है लेकिन काम मोटा करती है। राजनेताओं का ये सहारा है, कुर्सी बचाने के लिए ट्वीट ही किनारा है। अब कैमरे सैमरे का कौन सामना करे ? बिस्तर में घुसे घुसे, चाय वाय पीते पिलाते, टॉयलेट वॉयलेट करते समय, जब दिल करें तब ट्वीट्री चिड़िया पर दो चार बातें लिखकर टपका दो, और फिर देखो बिन होली के ही कैसे धमाल समाल बज उठेगी। यह ट्वीटयाती चिड़िया "दागो और भूल जाओ" के वैज्ञानिक सिद्धांत पर काम करती है। इसका ट्वीटयाना मिसाइल है, जो इसके ट्वीटयाये पर नहीं जागे, कर देती गायब स्माइल है। अजी ! जिसने नहीं लिया इस ट्वीट का सहारा, वो हमारी तरफ बेचारा है। मिलता नहीं जिसे किनारा है। ये चिड़िया ट्वीटयाती बहुत है, ट्वीटिया ट्वीटिया कर उछलती है, मचलती है, अपनी चोंच से लट्टु पर लट्टु बजाती है, थकती है ही नहीं, शायद हमदर्द का टॉनिक सिंकारा का इस्तेमाल करती है। चीं चीं इसकी ठीकठाक धमाका करती है। अजी ! तभी ये प्रभावी है। यह दूसरों को इतना सिरदर्द दे देती है कि झंडु बाम का इस्तेमाल करना पड़ जाता है। ये चिड़िया जब ट्वीटयाती है तो तुरंत एक्शन होता है, बेचारा मीडिया माथा पकड़कर रोता है कि तुझे(ट्विटर) इतना ट्वीटयाने की क्या जरूरत थी। अब आप देखिए न कि " विवेक अग्निहोत्री" की "द कश्मीर फाइल्स" फिल्म को लेकर लोग ट्वीटिया रहे हैं, भैया जी कुछ भी कहो, सच की जीत कभी न कभी तो होनी ही थी, बत्तीस साल बाद ही सही, धमाका इस फिल्म को बता रहे हैं। लोगों ने ट्वीटिया ट्वीटिया कर फिल्म को टैक्स फ्री करवा दिया, ये ट्वीटरी चिड़िया नहीं ट्वीटयाती तो क्या होता ? अजी होता क्या ये नहीं ट्वीट्याती तो इस टैक्स वैक्स के चक्कर में हमारे जैसे लेखक सेखक तो कभी फिल्म देख ही नहीं पाते। इसके लिए इस ट्वीट्याती चिड़िया के हम दिल से आभारी हैं।अब इतनी महंगाई में ये चिड़िया ट्वीटयाती फिरी तो कुछ राज्यों की सरकार ने इसकी बात सुन ली और फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया। अजी ! इसका ट्वीटियाना जरूरी था। अब चिड़िया इतनी ट्वीटिया ही रही है तो सच ही में तो ट्वीटिया रही होगी। अजी ! आप ज्यादा अपनी अक्ल मत लगाओ, और हम तो कहते हैं अजी ! इसे ट्वीटयाने दो, इसे अपने मन की भड़ास निकालने दो, ये यूं ही नहीं ट्वीटयाती है, कुछ न कुछ फायदे के बारे में ही जनता को बताती है। भ्रष्टाचार, महंगाई, लालफीताशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, बेईमानी ये सब पर चढ़कर बोलती हैं, चक्षु सबके खोलती हैं, ट्वीट्याती बस डोलती है, रहस्य पर रहस्य खोलती है। भैया जी इतनी मेहनत बिना कुछ खाये पीये वो ही कर सकती है, जिसकी बात में कुछ दम सम होता है, जो अपने कर्तव्य पथ पर ईमानदारी से चलती है। वो अपने तोताराम जी भी गलत थोड़े ही ट्वीटिया रहे हैं, अब इतिहास के पन्ने(द कश्मीर फाइल्स से) कुछ खुले हैं बेदर्द, तो लोगों के सिर में क्यों हो रहा है दर्द पर दर्द ? अजी ! लोगों का बेशुमार प्यार मिल रहा, कश्मीरी हिंदुओं के आंसू, दबे पड़े पन्नों को खोला, गजब. की बात है कि विवेक अग्निहोत्री जी आपका धैर्य और साहस बोला। हम आपको ट्वीटिया पर ट्वीटिया रहे हैं, मन खुशी से मयूर हो रहा है। आप हमारी ट्वीटयाती बधाई को ट्वीटते हुए स्वीकार कीजिए। तोताराम जी ने तो कब की अग्निहोत्री जी को बधाई सधाई दे दी, अब हम भी सोच रहे हैं कि जरा हम भी अपनी चिड़िया को थोड़ा सा ट्वीटिया दें, क्योंकि बेचारी का बिना ट्वीटयाये पेट सेट नहीं भरता है। हम अपनी ट्वीट्याती चिड़िया को भूखा नहीं मारना चाहते। जब तक हम ट्वीटयाते हैं, तब तक आप भी ट्वीटयाने के लिए कोई मुद्दा सुद्दा ढूढ़ लीजिए। यदि आपको कोई मुद्दा सुद्दा नहीं मिलता है तो आप रूस वूस यूक्रेन सूक्रेन, पाकिस्तान वाकिस्तान में गलती से भारतीय मिसाइल गिरी, तेल,गैस, सिलेंडर, सोना चांदी महंगा क्यों नहीं हुआ।

## अभिव्यक्ति

# महंगाई के मोर्चे पर फेल है मोदी सरकार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान ही लोगों को आशंका होने लगी थी कि जैसे ही चुनावी नतीजे आएंगे उसके बाद देश के आम जनता को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। चुनाव के नतीजे आते ही लोगों की आशंका सही साबित हुई और केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी करनी शुरू कर दी। चुनावी नतीजों के बाद से अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की जा चुकी हैं। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में भी 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हो चुकी है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर ही तोड़ कर रख दी है। रही सही कसर गैस सिलेंडरों की दर में वृद्धि करके कर दी गई है। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोरोना के नाम पर गैस सिलेंडरों पर मिलने वाली सब्सिडी को बंद कर दिया था जिसे अब तक फिर से शुरू नहीं किया गया है। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा आगामी एक अप्रैल से कोरोना के चलते लगाये गये सभी तरह के प्रतिबंध हटाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। चुनाव के दौरान वोट लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में जनता के लिए बड़ी-बड़ी लुभावनी घोषणाएं करते हैं। मगर जैसे ही चुनावी प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। उसके बाद देश की आम जनता को महंगाई के डबल डोज का सामना करना पड़ता है। ऐसी दो मुंही बातों से देश के आम आदमी का जीना ही मुहाल हो गया है। देश में खाद्य पदार्थों की कीमतें पहले ही आसमान छू रही है। प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुओं की कीमतों में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। आटे, दाल, चावल,फल,सब्जियां की कीमत अचानक ही बहुत बढ़ गई है। वही खाने का तेल भी लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में देश के गरीब व मध्यम वर्ग का गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है। अनाज, दाल, तेल, और ईंधन के बाद अब देश में दवाएं भी महंगी हो सकती हैं। अप्रैल से अधिसूचित दवाओं के करीब 10 फीसदी तक दाम बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय दवा मूल्य नियामक थोक मूल्य सूचकांक में हुए बदलाव से अधिसूचित दवाओं की कीमतें बढ़ाने की इजाजत दे सकता है। अधिसूचित दवाएं आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में आती हैं। इसमें एंटीबायोटिक, विटामिन, मधुमेह, रक्तचाप नियंत्रक सहित अन्य दवाएं आती हैं। देश में एक तरफ जहां लगातार महंगाई बढ़ती जा रही हैं। वही रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। चुनाव के दौरान सरकार लाखों लोगों को नई नौकरियां देने की घोषणाएं करती है। मगर नई नौकरी की बात करना तो दूर जो लोग रिटायर हो रहे हैं सरकार उनके पदों को ही समाप्त कर नई नौकरियों के अवसर को समाप्त करती जा रही है। ऐसे में युवाओं के और अधिक बेरोजगार होने की संभावना में बढ़ोतरी होती जा रही है। केंद्र सरकार का पूरा ध्यान निजीकरण की तरफ होने से पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगारों में बेरोजगारी की आशंका व्याप्त हो रही है। शिक्षित युवाओं को लगने लगा है कि आने वाले समय में सरकार के भरोसे उन्हें रोजगार मिलने वाला नहीं है। सरकारी नौकरियों में खुलेआम बंदरबांट हो रही है। बड़ी पहुंच और पैसों के बल पर ही सरकारी नौकरियां मिल रही है। ऐसे में आम गरीब का बेटा नौकरी की आस ही छोड़ चुका है। महंगाई के साथ ही देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकारी कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस कारण वे बेखौफ होकर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। केंद्र में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब देश की जनता को लगा था कि अब भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हो जाएगा। मगर कुछ समय तक भ्रष्टाचार रोकने की बातें होती रही उसके बाद वही पुरानी व्यवस्थाएं चलने लगी। आज कोई भी नेता भ्रष्टाचार रोकने की बातें नहीं करता है। सबको अपना भविष्य सुरक्षित बनाने की चिंता लगी हुई है। ऐसे में सब अपने को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने में लगे हुए हैं। प्रारम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार रोकने के लिए बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे। मगर अब लगता है कि वह भी पुराने ढर्रे में ढल गए हैं। उनको भी लगने लगा है कि इस देश में भ्रष्टाचार रोकना उनके बस की बात नहीं है। केंद्र के साथ ही भाजपा शासित राज्यों में आए दिन भ्रष्टाचार के बड़े बड़े स्कैंडल उजागर हो रहे हैं।

# होटल चलिए प्रीतम प्यारे !

**रामविलास जांगिड़**

और बेताल ने अपने फेसबुक फ्रेंडों को धमाधम लाइक्स का ठेंगा चेपते हुए विक्रम से कहा- हे राजन! आज मैं फेसबुक पर एक स्टोरी कट-पेस्ट कर रहा हूं। इसे पढ़कर सही-सही कमेंट करना वरना तुम्हारा नेट पैकेज खत्म कर दूंगा। इस टिप्पणी के साथ बेताल ने फेसबुक पर ये स्टोरी लांच की- जम्मूद्वीपे उत्तराखंडे एक घर में पति-पत्नी रहा करते। जैसा कि सिद्धांत था, वे लड़ने-झगड़ने जैसे पवित्र कार्य में लगे रहते। वे मानते थे कि पति-पत्नी एक साथ एक थाली में खाएंगे, तो उनके बीच प्रेम बढ़ेगा। आजकल ऐसा अक्सर होता है कि प्यार जताने के लिए पति-पत्नी एक ही थाली में खाने का प्रिय नाटक खेलते हैं। लेकिन क्या पति-पत्नी का एक ही थाली में खाना फायदेमंद होता है? इसी बात को लेकर आज उनमें बढ़िया महाभारत शुरू हो गई। अपने-

**होटल में खाने चलते हैं। कहानी पढ़कर विक्रम ने टाइप किया- इस कहानी में पत्नी मंत्री है और पति बेचारी जनता! इतना टाइप करते ही बेताल ने एक साथ हजारों अंगूठे लाइक्स टाइप किए। साथ में कैप्शन चेपा- विक्रम!**

अपने कुतर्कों के विशिष्ट तर्कों से दोनों ने एक दूसरे पर सात्विक रूप से हमला किया। पत्नी उवाच- सुनो प्रीतम प्यारे! महाभारत के अनुशासन पर्व में पितामह भीष्म ने कहा कि पति-पत्नी का एक साथ थाली में खाना अच्छा नहीं होता। वह खाना मद के समान होता है क्योंकि प्रेम आपके ऊपर ज्यादा हावी हो जाता है। जिसके चलते आप दीन-दुनिया से बेखबर हो जाते हैं और परिवार में लड़ाई-झगड़ा शुरू हो जाता है। इसलिए आइए और लड़ाई में सम्मिलित हो जाइए। कहते हुए पत्नी ने बेलन फेंक मारा जो अचूक निशाने के कारण पतिदेव की गंजत्व प्राप्त चिकन खोपड़ी पर जा लगा। फिर पत्नी ने अपना प्रिय वक्तव्य जारी किया- आज खाने में क्या बनाऊं? इस यक्ष प्रश्न का उत्तर, पतिदेव तो क्या भगवान विष्णु के पास भी नहीं है। तब पतिदेव ने अपनी बातों की कड़ाही चढ़ाई- कुछ भी बना लो! पत्नी- कुछ क्या? वही बनाऊंगी, जो आप कहेंगे! पति- दाल चावल बना लो। पत्नी- सुबह ही खाए थे। पति- तो रोटी सब्जी बना लो। पत्नी- रोज रोटी सब्जी! लोग क्या कहेंगे? पति- तो डोसा बना लो। पत्नी- पहले कहते! इसमें बहुत टाइम लगता है। पति- परांठे! पत्नी- रात में नहीं खाने चाहिए। पति- कढ़ी चावल? पत्नी- इसके लिए दही चाहिए? आप दूध ही कहां छोड़ते हैं! पति- एक काम करो खिचड़ी बना लो। पत्नी- इससे पेट नहीं भरता है। पति- तो फिर क्या बनाओगी? पत्नी- वही जो आप बताओ। इतनी शिखर वार्ता के बाद पतिदेव सोफे पर लुढ़क गए। तब पत्नी श्री बहुत सारी दवाएं लेकर सीन पर हाजिर हुई। पत्नी- ये लो खाने से पहले बुखार की दवा खा लो। पति- नहीं मुझे बुखार नहीं है। पत्नी- तो डाइजीन ले लो। पति- नहीं मुझे गैस भी नहीं है। पत्नी- तो फिर पुदीनहरा ले लो। पति- नहीं मेरा पेट भी ठीक है। पत्नी- लो दर्द की दवा ही ले लो, हाथ-पैर दुखने बंद हो जाएंगे। पति- अरे गजब करती हो! मुझे कुछ नहीं हुआ है। मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं। पत्नी- तो फिर उठो फटाफट! होटल में खाने चलते हैं। कहानी पढ़कर विक्रम ने टाइप किया- इस कहानी में पत्नी मंत्री है और पति बेचारी जनता! इतना टाइप करते ही बेताल ने एक साथ हजारों अंगूठे लाइक्स टाइप किए। साथ में कैप्शन चेपा- विक्रम! तू तो बहुत सयाना हो गया है रे!

# आप को क्या तकलीफ गांधी जी

**आर.के. सिन्हा**

**पंजाब** और दिल्ली सरकारों के दफ्तरों से गांधी जी के चित्र हटा दिए गए हैं। उनका स्थान ले लिया है भगत सिंह और डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्रों ने। दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकारें हैं। आखिर क्यों दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को और पंजाब में भगवंत मान को यह जरूरी लगा कि वे अपने-अपने राज्यो में गांधी जी के चित्र हटवाएं दें? क्या गांधी जी का चित्र हटाना जरूरी था? आप के इस कदम से संकेत यह जाता है कि वह भगत सिंह और बाबा साहेब को गांधी जी के सामने खड़ा करना चाहती है। हालांकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। ये तीनों ही पूरे देश के लिये आदरणीय हैं। इन सबका देश ह्रदय से आदर सम्मान करता है। गांधी जी का नाम लेकर हुए अन्ना आंदोलन से निकली आप ने ऐसा क्यों किया, यह जवाब उन्हें देना तो चाहिए ही । यह समझा जाए कि गांधी जी हिंसा के साथ नहीं थे और भगत सिंह बापू की अहिंसा के साथ नहीं थे। इसका यह मतलब नहीं कि वे लोग अंग्रेजों के मुखबिर थे या एक-दूसरे के शत्रु थे। गांधी जी वैचारिक स्तर पर भगत सिंह के साथ न होते हुए फांसी की सजा मुक्ति दिलवाना चाहते थे। दिल्ली के सुभाष पार्क (पहले एडवर्ड पार्क) में 7 मार्च, 1931 को गांधी जी ने एक बड़ी सभा को संबोधित किया था। वह सभा इसलिए खास थी ताकि गोरी सरकार पर भगत सिंह और उनके दोनों साथियों राजगुरु और सुखदेव को फांसी के फंदे से बचा लिया जाए। गांधी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा था मैं किसी भी स्थिति में, किसी को फांसी की सजा देने को स्वीकार नहीं कर सकता हूं। मैं यह सोच भी नहीं सकता हूं कि भगत सिंह जैसे वीर पुरुष को फांसी हो। महात्मा गांधी उन दिनों दिल्ली में ही थे।

वे उस दौरान ब्रिटिश वायसराय लार्ड इरविन से भगत सिंह को फांसी के फंदे से मुक्ति दिलाने के लिए मिल रहे थे।

# भारत महिला वर्ल्ड कप से बाहर

## करो या मरो मुकाबले में 3 विकेट से हारी टीम इंडिया, साउथ अफ्रीका की मिग्नॉन डु प्रीज बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने महिला वर्ल्ड कप के 28वें मैच में भारत को 3 विकेट से हरा दिया है। साउथ अफ्रीका के सामने 275 रन का टारगेट था, जिसे उन्होंने 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया है।

लौरा वोल्वार्ड्ट (80) टॉप स्कोरर रहीं। भारत की ओर से हरमनप्रीत कौर और राजेश्वरी गायकवाड ने 2-2 विकेट चटकाए। इसी के साथ वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के पहुंचने का सपना टूट गया। भारत के बाहर होने के साथ ही सेमीफाइनल की टीमें तय हो गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत



वेस्टइंडीज़ से होगी। वहीं, साउथ अफ्रीका इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। अफ्रीका की ओर से लौरा वोल्वार्ड्ट ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने 79 गेंद पर 80 रन बनाए। आखिरी के ओवरों में मिग्नॉन डु प्रीज के बल्ले से 63 गेंद पर 52 रन निकला और



उनकी इसी पारी की बदौलत अफ्रीका को जीत मिली।

**आखिरी ओवर का रोमांच**

साउथ अफ्रीका को आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रन चाहिए थे। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने आखिरी ओवर डाला। पांचवीं गेंद पर टीम इंडिया को विकेट भी मिला, ऐसे में जीत की उम्मीद बढ़ गई थी, लेकिन दीप्ति शर्मा की वो बॉल नो-बॉल निकली, ऐसे में विकेट भी नहीं मिला और एक रन एक्स्ट्रा भी चला गया और साथ ही फ्री-हिट भी मिली।

**टीम इंडिया की ओर से तीन बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक** –भारतीय महिला टीम की ओर से शेफाली वर्मा ने 46 गेंद में 53 रनों की पारी खेली। वहीं, स्मृति मंधाना का बल्ला भी अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने खूब बोला और सबसे ज्यादा 71 रन बनाए। कप्तान मिताली राज भी आज फॉर्म में दिखीं और उनके बल्ले से 84 गेंद में 68 रन निकले। टीम इंडिया की उपकप्तान हरमनप्रीत कौर 57 गेंद में 48 रन बनाकर आउट हुईं। साउथ अफ्रीका की तरफ से मसाबाटा क्लास और इस्माइल ने दो-दो विकेट लिए।

# चैंपियन ब्रावो का शानदार रिकॉर्ड

## आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मलिंगा की बराबरी की; पहले मुकाबले में झटके 3 विकेट

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इस मैच में चेन्नई की ओर से खेल रहे गेंदबाज ड्वेन ब्रावो ने IPLमें सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी की। मलिंगा ने आईपीएल के 122 मैचों में 170 विकेट हैं। ब्रावो ने शनिवार को केकेआर के खिलाफ मैच में 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रावो के अब 152 मैचों में 170 विकेट हो गए हैं।

वहीं भारतीय खिलाड़ियों में अमित मिश्रा के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। मिश्रा ने 154 मैचों में 166 विकेट लिए हैं। वह ओवर ऑल विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं भारतीय



खिलाड़ियों में पीयूष चावला सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उनके नाम 165 मैचों में 157 विके हैं। जबकि हरभजन सिंह तीसरे नंबर हैं। उन्होंने 163 मैचों में 150 विकेट लिए हैं।

**ब्रावो ने राणा, अय्यर और बिलिंग्स का विकेट लिया**

ब्रावो केकेआर के खिलाफ पहला पावरप्ले खत्म होने के बाद 7वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और अपने ओवर की दूसरी ही गेंद पर वेंकटेश अय्यर को पवेलियन की राह दिखा दी। इसके 2 ओवर बाद उन्होंने नीतीश राणा का विकेट हासिल किया। ब्रावो ने 18वें ओवर में बिलिंग्स के रूप में तीसरा विकेट हासिल किया। ब्रावो ने आईपीएल में दो बार 4 विकेट लेने का कारनामा किया है और वो हर 17 गेंद पर शिकार करते हैं।

**ब्रावो के नाम सबसे अधिक टी-20 विकेट**

अब ब्रावो को मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 1 विकेट की दरकार है। वैसे, अगर ओवरऑल टी-20 क्रिकेट की बात करें तो ब्रावो सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने अब तक 522 टी-20 में 571 विकेट लिए हैं। इस लिस्ट में 451 विकेट के साथ इमरान ताहिर दूसरे स्थान पर हैं। राशिद खान के नाम 435 विकेट हैं और वो तीसरे पायदान पर हैं।

## मैच जीतकर बोले श्रेयस अय्यर, धोनी जब बल्लेबाज कर रहे थे तो हम तनाव में थे

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक बार फिर से आईपीएल के ओपनिंग मुकाबले में जीत के साथ शुरूआत की है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेल गए मैच में कोलकाता ने 6 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही टीम के नए कप्तान श्रेयस अय्यर बेहद खुश दिखे। उन्होंने मैच जीतने के बाद चेन्नई के विकेटकीपर बल्लेबाजी महेंद्र सिंह धोनी की खूब तारीफ की। धोनी ने 38 गेंदों में 50 रन बनाकर चेन्नई को 131 रन तक पहुंचाया था ऐसे में श्रेयस बोले- एमएस धोनी जब भी बल्लेबाजी करते हैं तो दूसरी टीम के लिए यह तनाव के क्षण होते हैं जैसे कि हमारे लिए भी थे।श्रेयस ने कहा कि मुझे पता था कि इस मैदान पर ओस एक बड़ी भूमिका निभाती है। ऐसे में टॉस जीतने के बाद मेरे दिमाग में सर्वप्रथम



गेंदबाजी ही थी। हमने अच्छा टॉस जीता। अगर दूसरी पारी की बात की जाए तो इसमें गेंद को पकडऩा मुश्किल था। इसका हमें फायदा मिला। बल्लेबाजी आसान थी जिससे हम जीत की ओर बढ़ गए। वहीं, श्रेयस ने नई फ्रेंचाइजी के साथ बतौर कप्तान जुडऩे पर कहा कि वह इसका आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा था। श्रेयस ने वानखेड़े स्टेडियम पर कहा कि यह एक ऐसी जगह है जहां मैं खेलना पसंद करता हूं। मैं यहीं पला-बढ़ा हूं। मैंने सोचा था कि यहां का विकेट आज सपाट होगा। मेरे पास अच्छी गेंदबाजी लाइनअप थी। यह मेरे लिए काफी आसान रहा। उमेश ने नेट्स में कड़ी मेहनत की है और अभ्यास खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने शुरूआती सफलता दिलाकर हमारा काम आसान कर दिया।

## दिल्ली इंटरनेशनल शतरंज - श्यामनिखिल को हराकर अर्जुन की वापसी

**नई दिल्ली।** 19वे दिल्ली इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट के सात राउंड के बाद प्रतियोगिता में 7 खिलाड़ी सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है और इसके साथ ही विजेता बनने की दौड़ रोमांचक हो गयी है । भारत के वर्तमान राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियन अर्जुन एरिगासी, कार्तिक वेंकटरामन ,ललित बाबू ,हर्षा भारतकोठी ,डी गुकेश और रूस के पावेल पोंकरटोव ,उज्बेकिस्तान के निगमटोव ओर्टिक 6 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है । पिछ्ले दो मुक़ाबले ड्रॉ खेलकर दूसरे स्थान पर सरक गए अर्जुन एरिगासी नें आज हमवतन श्यामनिखिल को काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में मात्र 30 चालों में पराजित करते हुए अच्छी वापसी की वहीं पहले टेबल पर सबसे आगे चल रहे ललितबाबू और कार्तिक वेंकटरमन नें आपस में बाजी ड्रॉ खेलकर अन्य खिलाड़ियों को सयुंक्त बढ़त में आने का मौका दे दिया । तीसरे टेबल पर पावेल पोंकरटोव नें मिश्र के फावजी अधम को ,छ्ठे टेबल पर गुकेश नें ईरान के अराश टहबाज को ,आठवें टेबल पर उज्बेकिस्तान के निगमटोव ओर्टिक नें भारत के अर्जुन कल्याण को तो नौवे टेबल पर हर्षा भारतकोठी नें हमवतन श्रीजा शेषाद्री को पराजित किया । 10 राउंड के टूर्नामेंट में अभी भी 3 राउंड खेले जाने बाकी है ।





## फॉर्मूला वन रेस सऊदी अरम में होगा आयोजित, सुरक्षा का दिया गया आश्वासन

**जेद्दा।** फॉर्मूला वन (एफवन) रेस के संचालकों (एफआईए) ने कहा कि यमन के हूती विद्रोहियों के द्वारा रेस ट्रैक के निकट किये गये हमले के बावजूद रविवार को इस स्पर्धा का आयोजन होगा। हूती





विद्रोहियों ने शुक्रवार को रेस ट्रैक से 11 किलोमीटर दूर जेद्दा के एक तेल डिपो पर हमला किया था। यह हमला उस समय हुआ था जब इस ग्रां प्री का अभ्यास सत्र चल रहा था। एफआईए ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि एफवन और एफआईए इस बात की पुष्टि करते हैं कि 'सभी टीमों और ड्राइवरों के साथ चर्चा के बाद ग्रां प्री निर्धारित समय के अनुसार जारी रहेगा।' बयान के मुताबिक, '' शुक्रवार को जेद्दा में हुई घटना के बाद, सभी हितधारकों, सऊदी सरकार के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच व्यापक चर्चा हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसका आयोजन सुरक्षित है।

## स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा- इस आईपीएल में धोनी के कप्तानी छोड़ने पर 2021 में बात की थी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी का कप्तानी छोड़ने का फैसला अचानक लिया गया नहीं है बल्कि इस पर पिछ्ले सत्र में ही बात हुई थी। फ्लेमिंग ने हालांकि कहा कि कप्तानी छोड़ने की टाइमिंग को लेकर फैसला धोनी पर छोड़ दिया गया था। उन्होंने आईपीएल 15 के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से मिली छ्ह विकेट से हार के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमने इस पर बात की है। एम एस ने पिछ्ले सत्र में मुझसे इस बारे में बात की थी। टाइमिंग का फैसला उसका अपना था।बारह सत्र में चार खिताब और पांच बार उपविजेता रहने के बाद धोनी ने बृहस्पतिवार को चेन्नई की कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंपने का फैसला किया। फ्लेमिंग ने कहा, यह पहले से तय था कि धोनी के हटने पर जडेजा कप्तान होंगे। टीम के जरिये इसकी सूचना (श्रीनिवासन को) दे दी गई थी। उन्होंने कहा , हम इसका सम्मान करते हैं। यह बदलाव का दौर है। हमारा जडेजा के साथ नाता है और धोनी भी टीम में है। हमारे पास नया कप्तान है और पूर्व कप्तान का अनुभव भी। यह बदलाव का दौर है लेकिन इससे हम सरलता से निकल जायेंगे।

## बांग्लादेश को 100 रन से हराकर इंग्लैंड विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचा

**वेलिंगटन।** गत चैम्पियन इंग्लैंड आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई जिसने बांग्लादेश को रविवार को 100 रन से हराया। सोफिया डंकली के 72 गेंद में 67 रन की मदद से इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छ्ह विकेट पर 234 रन बनाए। इसके बाद सोफी एक्सेलेटन ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए।

बांग्लादेश की टीम 48वें ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने अब लगातार चार मैच जीतकर टूर्नामेंट में धीमी शुरूआत की भरपाई कर दी है। अनुभवी आन्या श्रुबसोले को रविवार को आराम दिया गया जिनकी जगह चार्ली डीन ने ली और 31 रन देकर तीन विकेट चटकाए। फ्रेया डेविस ने 36 रन देकर दो विकेट लिए।



## एशियाई खेलों के लिये तीरंदाजी टीम में राय और रिद्धि का स्थान पक्का, अतनु चूके

**सोनीपत।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज भारतीय तीरंदाज अतनु दास यहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में हुए अंतिम चयन ट्रायल में शीर्ष आठ से बाहर रहने के कारण आगामी एशियाई खेलों के लिये कट हासिल करने से चूक गये। सेना के अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप राय पुरूष रिकर्व ट्रायल में शीर्ष पर रहे और सबसे पहले स्थान पक्का करने में सफल रहे। उन्होंने 2010 एशियाई खेलों में ऐतिहासिक व्यक्तिगत रजत पदक जीता था।

महिलाओं के वर्ग में उभरती हुई हरियाणा की रिद्धि फोर शीर्ष पर रही जिससे उन्होंने चीन के हांगजोऊ में 10 से 25 सितंबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिये अपना स्थान पक्का किया। पुरूष और महिला वर्ग में बचे हुए



तीन स्थान राउंड रॉबिन मैचों के बाद तय किये जायेंगे। यही टीम विश्व कप के पहले तीन चरण में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी जो 18 से 24 अप्रैल से अंताल्या चरण में शुरू होगा। दुनिया के नौंवे नंबर के दास प्री क्वार्टरफाइनल में सेना के अपने तोक्यो ओलंपिक के साथी प्रवीण जाधव से हारकर शीर्ष आठ से बाहर हो गये। दास की पत्नी और पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी हालांकि अंतिम चयन ट्रायल के पहले चरण में पांचवीं रैंकिंग से दौड़ में बनी हुई हैं। वह रविवार को अंतिम चरण में शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश करेंगी।

## जडेजा की कैप्टेंसी की हॉरर ओपनिंग: केकेआर के खिलाफ टॉस और मैच दोनों हारे

**मुंबई।** आईपीएल 2022 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच खेला गया। चेन्नई की टीम रवींद्र जडेजा के रूप में नए कप्तान के साथ उतरी और मुकाबले की शुरुआत से लेकर अंत तक कुछ भी टीम के लिए अच्छा नहीं रहा। कहा जा सकता है कि बतौर कैप्टन जडेजा की ओपनिंग किसी हॉरर शो सरीखी रही है।

**पहले मैच में टॉस हारे, धोनी ने जीता था पहला टॉस**

इस मैच में टॉस चयक्र के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीता और चेन्नई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया यानी जडेजा सिक्के के साथ सौभाग्यशाली नहीं रहे। इस सीजन से पहले तक CSK के कप्तान रहे धोनी इस मामले में खासे लकी रहे थे। धोनी ने 2008 IPL में अपने पहले मैच में टॉस जीता था। धोनी वह मैच जीतने में भी सफल रहे थे।टॉप ऑर्डर फेल हुआ, गायकवाड़ पिछ्ली बार के ऑरेंज कैप होल्डर थे टॉस हारने के बाद जडेजा को





अपने ओपनर्स से अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन यह भी संभव नहीं हुआ। शुरुआती 4.1 ओवर में 28 रन के स्कोर तक पहुंचने में चेन्नई के दोनों ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ (0) और डेवोन कॉनवे (3) पवेलियन लौट गए।

**रायडू के गुड लक को बैड लक में तब्दील किया**

अंबाती रायडू मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ष्टस्य के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। पारी संभालने की जिम्मेदारी उन पर थी। उन्हें किस्मत का साथ भी मिला। छ्ठे ओवर की पांचवीं गेंद पर (गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती) रायडू ने शॉट जमाने की कोशिश की। गेंद बल्ले से लगने के बाद लेग स्टंप पर भी लगी। लेकिन, किस्मत ने साथ दिया और बेल्स नहीं गिरी। चौका मिल गया। लेकिन, यह गुड लक ज्यादा देर कायम नहीं रहा। 9वें ओवर की चौथी गेंद पर रायुडु जडेजा के साथ मिसअंडरस्टैंडिंग का शिकार हुए और रन आउट हो गए।

**गेंद और बल्ले से भी फ्लॉप रहे कप्तान जडेजा**

चेन्नई ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 131/5 का स्कोर बनाया। पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 38 गेंदों पर 50 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, रवींद्र जडेजा ने 28 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने केवल आखिरी गेंद पर 1 छक्का लगाया। बल्ले से तो जडेजा कमाल दिखाने में नाकाम रहे, गेंद से भी जलवा नहीं दिखा सके। उन्होंने 4 ओवर में बिना कोई विकेट लिए 25 रन खर्च कर दिए। KKR के सामने 132 रन का टारगेट था, जिसे टीम ने 9 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अजिंक्य रहाणे (44) टॉप स्कोरर रहे।

## बेहतर बुनियादी ढांचे से भारत हॉकी में और ओलंपिक पदक जीतेगा : कपिल देव

**मुंबई।** महान क्रिकेटर कपिल देव को लगता है कि बुनियादी ढांचे में सुधार करने से क्रिकेट भारत में 'नयी ऊंचाईयों' तक पहुंच गया है और बेहतर सुविधाएं देने से हॉकी जैसे खेलों को ओलंपिक में और पदक जीतने में मदद मिलेगी। कपिल ने कहा कि एक देश के तौर पर हमें पहले बुनियादी ढांचा देने की जरूरत है। अगर हमारे पास यह है तो बच्चे अपनी पसंद के अनुसार खेल चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुविधाओं बेहतर होने के परिणामस्वरूप क्रिकेट नयी ऊंचाईयों तक पहुंच गया। हालांकि अगर हम यही चीज अन्य खेलों के साथ भी करें जैसे कि 200 अतिरिक्त एस्ट्रो टर्फ होना, भारत हॉकी में अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक ओलंपिक पदक जीत लेगा। उन्होंने कहा कि पिछ्ले 40 वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण चीज जो हुई है, मैं कहूंगा कि आज माता-पिता अपने बच्चों को मैदान पर लाते हैं और कहते हैं 'इन्हें खिलाड़ी बनाओ'। हमारे समय में, किसी भी माता-पिता के पास अपने बच्चों को मैदान पर लाने के लिए समय नहीं





था। आज वे हमारे पास आते हैं और पूछते हैं कि क्या वे आईपीएल में खेल सकते हैं या फिर वे भारत के लिये खेल सकते हैं? ओलंपिक पदक विजेता पेस ने कहा कि मुझे लगता है कि ज्यादातर लोग समझते है कि ओलंपिक पदक शारीरिक फिटनेस की बदौलत जीते जाते हैं। वे सोचते हैं कि विश्व कप जीतने में तकनीक अहम है। लेकिन यह सिर्फ आपके दिमाग से होता है जो तय करता है कि आप जीतोगे या हारोगे। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य इकबाल ने कहा कि तीन-चार दशक तक अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बाद मौजूदा टीम ने हॉकी में वापसी की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि हमने 1948 लंदन ओलंपिक से 75 तक अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन पिछ्ले 30 वर्षों में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सके। लेकिन पिछ्ले 30-40 वर्षों में यह टीम सर्वश्रेष्ठ है और इसने दुनिया को दिखाया कि हां, भारत हॉकी में वापसी कर रहा है। अब लोगों की खेलों में भागीदारी में भी बढ़ोतरी हुई है।

# डूड़ा को हराकर कार्लसन बने चैरिटी कप शतरंज के विजेता

**नॉर्वे।** मेल्टवाटर चैंपियंस शतरंज टूर 2022 सीज़न का दूसरे टूर्नामेंट चैरिटी कप का खिताब विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन नें जीत लिया । कार्लसन नें रोमांचक फाइनल टाईब्रेक मुक़ाबले मे पोलैंड के यान डूड़ा को हराकर टूर्नामेंट जीता । दोनों के बीच बेस्ट ऑफ टू के मुक़ाबले अनिर्णीत रहे थे । पहले दिन कार्लसन नें डूड़ा को 2.5-0.5 से मात देते हुए फाइनल में 1-0 की बढ़त बनाई थी तो दूसरे दिन डूड़ा नें पलटवार करते हुए 2.5-1.5 से वापसी करते हुए स्कोर 1-1 कर लिया था ऐसे में दोनोंके बीच टाईब्रेक मुक़ाबला खेला गया ।

पहले टाईब्रेक मुक़ाबले में कार्लसन नें सफ़ेद मोहरो से केटलन ओपनिंग में 52 चालों में बाजी अपने नाम की और 1-0 से आगे हो गए जबकि दूसरे मुक़ाबले में काले मोहरो से खेलते हुए कार्लसन नें कारो कान ओपनिंग में मात्र 24 चालों में मैच जीतकर टाईब्रेक 2-0 से अपने नाम कर लिया ।

इस प्रतियोगिता के खिलाड़ियों नें अपनी सभी पुरुष्कार राशि यूक्रेन में युद्ध के पीड़ितों को समर्पित करने की पहले ही घोषणा कर दी थी और इस तरह कुल 16 खिलाड़ियों के बीच हुए इस टूर्नामेंट से करीब 1,50,000 अमेरिकन डॉलर पुरुष्कार राशि दान की गयी ।

## पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मार गिराए 6 बलूच अलगाववादी

**पेशावर:** पाकिस्तानी सेना ने कहा कि सुरक्षाबलों ने देश के अशांत दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकाने पर छापा मारा और इस दौरान 6 बलूच आतंकवादी मारे गए। सेना ने एक बयान में कहा कि बलूचिस्तान के सिब्बी जिले के समीप नगाओ पर्वतीय क्षेत्र में छापा मारा गया। आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलायी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में छह आतंकवादी मारे गए। भीषण मुठभेड़ में एक जवान भी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। मृतक आतंकवादी हाल में सिब्बी और आसपास के इलाकों में हमलों में शामिल थे। सुरक्षाबलों ने ठिकाने से हथियार और गोला बारुद भी बरामद किए। बलूचिस्तान में अलगाववादी इस्लामाबाद से आजादी की मांग करते रहे हैं।



## दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार 132व्यक्तियों में से कोई जीवित नहीं बचा : चीन

**बीजिंग।** चीनी प्राधिकारियों ने आधिकारिक पुष्टि की कि इस सप्ताह की शुरुआत में चाइना ईस्टर्न 737-800 विमान दुर्घटना में कोई जीवित नहीं बचा है। इस विमान में 132 व्यक्ति सवार थे।चीन के नागरिक विमानन प्रशासन के एक अधिकारी ने देर रात एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। सरकारी मीडिया ने बताया कि जांचकर्ताओं ने डीएनए जांच के जरिये 120 मृतकों की पहचान कर ली है। गौरतलब है कि चीन का एक यात्री विमान गुआंग्शी क्षेत्र में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 132 लोग सवार थे।



## कोलोराडो जंगलों में लगी आग हुई विकराल, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश

**वाशिंगटन:** अमेरिका के कोलोराडो के जंगल में लगी आग अब विकराल होकर धीरे-धीरे दक्षिणी शहर बोल्डर की ओर बढ़ रही है जिसके चलते अधिकारियों ने 19 हजार लोगों को उस स्थान से निकालने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए हैं। शहर के आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार तक जंगल की आग 123 एकड़ में फैल गयी। निकासी आदेश आठ हजार घरों के लिए जारी किए गए हैं। बोल्डर पुलिस ने ट्वीट किया कि टेबल मेसा के निकट संरक्षित वन भूमि में आग लगी है।आग के चलते 'एल्डोराडो कैन्यन स्टेट पार्क' को बंद कर दिया गया है और अधिकारियों ने लोगों को क्षेत्र से जाने का आदेश दिया है। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं दी गयी है।



## रॉकेट हमले से दहला यूक्रेन ल्वीव शहर

**वीव (यूक्रेन)**, यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव पर रूस की ओर से रॉकेट हमले जारी हैं, जो इस बात के संकेत हैं कि रूस देश के केवल पूर्वी हिस्से को निशाना बनाने के अपने दावों के बावजूद देश के अन्य स्थानों पर भी हमला कर रहा है। लगातार हवाई हमलों ने शहर को दहला दिया है। अभी तक सुरक्षित माने जा रहे इस शहर में आस पास के क्षेत्रों के कम से कम 200,000 लोगों ने शरण ली हुई है। यूक्रेन पर रूसी हमले शुरू होने के बाद से ल्वीव पर अबतक हमले नहीं हुए थे, पिछले सप्ताह मुख्य हवाई अड्डे के पास विमान सुधार केन्द्र पर एक मिसाइल गिरी थी। क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोज़ित्स्की ने फेसबुक पर कहा कि पहले हमले में दो रूसी रॉकेट शामिल थे जो ल्वीव के उत्तर पूर्वी इलाके में एक औद्योगिक क्षेत्र मे गिरे और इस घटना में चार लोग घायल हो गए।

# भारत, मालदीव ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए

**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने शनिवार को माना कि क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में प्रगति हुई है।दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) और मालदीव के हायर एजुकेशन नेटवर्क के बीच संपर्क के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क बहु-गीगाबाइट राष्ट्रीय अनुसंधान और शिक्षा नेटवर्क है, जिसका उद्देश्य भारत में शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थानों के लिए



एकीकृत उच्च गति वाला नेटवर्क मुहैया कराना है। इस नेटवर्क की देखरेख राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) करता है।

जयशंकर ने यहां वार्ता के बाद मालदीव के विदेश मंत्री शाहिद के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''विदेश मंत्री शाहिद और मैंने क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में की गयी प्रगति को स्वीकार किया।

समझौते पर हस्ताक्षर के साथ ही सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका से 1500 से अधिक भारतीय संस्थान, विश्वविद्यालय और केंद्र भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के जरिए मालदीव से जुड़ गए हैं।''

शाहिद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र और एनआईसी के बीच हस्ताक्षरित समझौता शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ''मालदीव के हायर एजुकेशन नेटवर्क और भारत के नेशनल नॉलेज नेटवर्क के बीच संपर्क का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

**भारत-मालदीव के संबंध क्षेत्र में 'स्थिरता के लिए ताकत' हैं : जयशंकर**

भारत और मालदीव के बीच ''समय की कसौटी पर परखे'' रिश्ते को क्षेत्र में ''स्थिरता के लिए ताकत'' बताते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी इसे पोषित और मजबूत करने की है।मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंध दोनों देशों के लोगों की जिंदगियों को छूने के वास्ते एक बड़ी छलांग के लिए तैयार हैं, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया।

मालदीव और श्रीलंका की पांच दिवसीय यात्रा के तौर पर यहां पहुंचे जयशंकर ने कहा, ''यह ऐसी साझेदारी है जो साझा चुनौतियों से निपटती है...यह क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक ताकत है। इसे पोषित और मजबूत करना हमारी साझा जिम्मेदारी है।''

जयशंकर भारत के दो अहम समुद्री पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय भागीदारी के विस्तार की संभावनाओं को तलाशने के लिए मालदीव और श्रीलंका की यात्रा पर आए हैं।

## बाइडन ने पोलैंड को सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया

**वारसॉ।** यूरोप में अपने दौरे के अंतिम दिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को पोलैंड को आश्वस्त किया कि अमेरिका रूस के किसी भी हमले से उसका बचाव करेगा।साथ ही, उन्होंने स्वीकार किया कि नाटो सहयोगी ने पड़ोस के यूक्रेन में युद्ध के कारण शरणार्थी संकट का बोझ उठाया है। बाइडन ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से कहा, ''आपके देश की स्वतंत्रता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता है।''

वारसॉ में राष्ट्रपति भवन में दोनों नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को समाप्त करने से जुड़े मुद्दों और साझा लक्ष्यों पर बात की। डूडा ने कहा, ''समय बहुत कठिन है, मगर आज पोलैंड-अमेरिका के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं।'' रूस के हमले के बाद से यूक्रेन से 37 लाख लोग पलायन कर चुके हैं और इनमें से 20 लाख लोगों ने पोलैंड में शरण ली है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह



यूक्रेन के एक लाख शरणार्थियों को शरण देगा। बाइडन ने डूडा से कहा कि वह समझते हैं कि पोलैंड ''एक बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहा है, लेकिन यह सब नाटोकी जिम्मेदारी होनी चाहिए।'' बाइडन ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के ''सामूहिक रक्षा'' समझौते को ''पवित्र प्रतिबद्धता'' करार दिया और कहा कि पश्चिमी देशों के सैन्य गठबंधन की एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति के बारे में कहा, ''मुझे विश्वास है कि व्लादिमीर पुतिन नाटो में मतभेद का इंतजार कर रहे थे। लेकिन, वह ऐसा नहीं कर पाए। हम सब एकजुट हैं।''

बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि पोलैंड की राजधानी में शनिवार को बाइडन संबोधित करेंगे। इसमें वह आगे की चुनौतियों का जिक्र करेंगे।

युद्ध के दूसरे महीने में प्रवेश करने के साथ, यूरोपीय सुरक्षा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपनी सबसे गंभीर परीक्षा का सामना कर रही है। पश्चिमी देशों के नेता संघर्ष के फैलने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श कर रहे हैं। बाइडन यूरोप की चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में पोलैंड आए हैं। डूडा से वार्ता के अलावा बाइडन ने अमेरिका और यूक्रेन के राजनयिकों और सैन्य अधिकारियों से यूक्रेन की स्थिति पर अद्यतन जानकारी ली। वारसॉ में अपने संबोधन के बाद बाइडन अमेरिका लौट जाएंगे।

## भारत, मालदीव एक-दूसरे के कोविड-19 टीके प्रमाणपत्रों को मान्यता देने पर राजी

**माले।** भारत और मालदीव एक-दूसरे द्वारा जारी किए कोविड-19 रोधी टीकों के प्रमाणपत्र को परस्पर मान्यता देने पर राजी हो गए। इस कदम से दोनों देशों के बीच यात्रा आसान हो जाएगी और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।यहां वार्ता के बाद मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान सफलता की कहानी लिखने के लिए मालदीव को बधाई दी।

> **उन्होंने कहा, ''कोविड-19 प्रमाणपत्रों को आज परस्पर मान्यता देने से भारत और मालदीव के बीच यात्रा आसान हो जाएगी। भारत मालदीव के लिए पर्यटकों का शीर्ष स्रोत रहा है।**

उन्होंने कहा, ''कोविड-19 प्रमाणपत्रों को आज परस्पर मान्यता देने से भारत और मालदीव के बीच यात्रा आसान हो जाएगी। भारत मालदीव के लिए पर्यटकों का शीर्ष स्रोत रहा है। आवश्यक सामान और माल की सुचारू आपूर्ति भी की गयी है।'' जयशंकर ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सालेह के मार्गदर्शन में इस साल हमारे संबंधों में तेज गति से प्रगति देखी गयी है। भारत ने पिछले साल मालदीव को कोविशील्ड टीके की दो लाख से अधिक खुराक दी थीं।

## बाडडन ने पुतिन को लेकर कहा, ''यह व्यक्ति सत्ता में नहीं रह सकता''

**वारसॉ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को हटाने का आह्वान करते हुए कहा, ''यह व्यक्ति सत्ता में नहीं रह सकता।''बाइडन के इस बयान के तुरंत बाद व्हाइट हाउस ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति रूस में नई सरकार के गठन की बात नहीं कर रहे थे।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा कि बाइडन ''पुतिन के रूस में सत्ता में रहने या सरकार बदलने के बारे में नहीं कह रहे थे।'' उन्होंने कहा कि बाइडन के कहने का मतलब था कि ''पुतिन को अपने पड़ोसियों या क्षेत्र पर ताकत का इस्तेमाल करने नहीं दिया जा सकता।'' बाइडन ने पोलैंड की राजधानी वारसॉ में अपने भाषण का इस्तेमाल उदार लोकतंत्र और नाटो सैन्य गठबंधन का बचाव करने के



लिए किया। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप को रूसी आक्रामकता के खिलाफ लंबे संघर्ष के लिए खुद को तैयार करना चाहिए।

व्हाइट हाउस ने बाइडन के संबोधन को एक प्रमुख संबोधन बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति रॉयल कैसल के सामने बोल रहे थे, जो वारसॉ के उल्लेखनीय स्थलों में से एक है और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने पोलैंड में जन्मे पोप जॉन पॉल द्वितीय के कहे शब्दों का जिक्र किया और चेतावनी दी कि यूक्रेन पर पुतिन के आक्रमण से 'दशकों लंबे युद्ध' का खतरा है। बाइडन ने कहा, ''इस लड़ाई में हमें स्पष्ट नजर रखने की जरूरत है। यह लड़ाई दिनों या महीनों में नहीं जीती जाएगी।'' लगभग 1,000 लोगों की भीड़ में कुछ यूक्रेनी शरणार्थी भी शामिल थे, जो यूक्रेन पर हमले के बीच वहां से भागकर पोलैंड और अन्य जगहों पर आ गए हैं।

## बांग्लादेश के विदेश मंत्री बोले- 1971 के युद्ध दौरान अत्याचार के लिए माफी मांगे पाकिस्तान

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए. के. अब्दुल मोमेन ने यहां कहा कि पाकिस्तान को 1971 के युद्ध के दौरान अत्यधिक अत्याचार करने के लिए बांग्लादेश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के घिनौने कृत्यों के खिलाफ इस्लामाबाद में भविष्य की सरकारों के लिए माफी एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी।

'ढाका ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार 52वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ढाका में विदेश सेवा अकादमी को संबोधित करते हुए मोमेन ने कहा कि पाकिस्तान को 1971 में बंगालियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए माफी नहीं मांगने के लिए 'शर्मिंदा' होना चाहिए। मंत्री ने कहा, ''उस समय, पाकिस्तान की सेना ने जघन्य अपराध और नरसंहार किया था। यहां तक ?कि



पाकिस्तानी सरकार की रिपोर्ट भी कहती है कि उनकी यातना अत्यधिक थी।उन्होंने सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन किया था।' मोमेन ने कहा कि इस्लामाबाद में सरकार भविष्य के वर्षों में फिर से वही गलतियां कर सकती है, अगर वह 1971 में की गई गलतियों को नहीं सुधारती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान की अगली पीढ़ी आगे आएगी और अपने पूर्वजों के अपराधों के लिए माफी मांगेगी।

## अविश्वास प्रस्ताव के बीच पाक सरकार ने पीएमओ के यूट्यूब चैनल का नाम बदलकर किया 'इमरान खान'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के चलते प्रधानमंत्री इमरान खान को इन दिनों अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने यूट्यूब चैनल का नाम बदलकर 'इमरान खान' कर दिया है। नाम बदले जाने को लेकर इंटरनेट यूजर्स इमरान सरकार पर जमकर तंज कस रहे हैं। नाम बदलने का काम पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक दिन बाद किया गया है।

PMO के यूट्यूब चैनल के नाम बदले जाने की इस घटना को





देखता है। उन्होंने कहा कि यूट्यूब चैनल हमारे विभाग के अंतर्गत नहीं आता है।वहीं, इंटरनेट यूजर्स ने हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल का नाम बदलने पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।चैनल में आज अपलोड किए गए इमरान खान की मनसेहरा रैली के एक वीडियो पर एक यूजर ने पूछा कि उन्होंने चैनल के नाम से 'प्रधानमंत्री' को क्यों हटा दिया है।

इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए बैठक बुलाई गई। हालांकि, प्रस्ताव पेश किए बिना नेशनल असेंबली को 28 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार अभी 'इमरान खान' नाम के चैनल को यूट्यूब ने टिक के साथ सत्यापित नहीं किया है। चैनल के वर्तमान में 150,000 से अधिक फालोअर्स हैं। प्रधानमंत्री के भाषणों और पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उनकी गतिविधियों को इस चैनल में अपलोड किया जाता है। हालांकि, यह इमरान खान के कार्यालय के लिए चुने जाने के एक साल बाद 2019 में बनाया गया था।

## नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मिले चीनी विदेश मंत्री वांग, दोनों पक्षों के बीच हुए 9 करार

**काठमांडू:** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा पारस्परिक सहयोग पर चर्चा की। दोनों देशों ने नौ समझौतों ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये जिसमें सीमा पार रेलवे के चीन सहायता प्राप्त व्यवहार्यता अध्ययन के लिए तकनीकी सहायता योजना शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि वांग ने यहां प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी सहयोग पर चर्चा की। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा के पिछले साल जुलाई में रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी उच्च पदस्थ चीनी अधिकारी की नेपाल की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री से मिलने से पहले, वांग ने अपने नेपाली समकक्ष नारायण खड़का के साथ बातचीत की और इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता



हुई। खड़का ने नेपाल की ओर से 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जबकि वांग ने 17 सदस्यीय चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने यहां कहा कि बैठक के दौरान, खड़का और वांग ने द्विपक्षीय संबंधों के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित नौ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने कहा, ''चीन द्वारा नेपाल को प्रदान किए गए चिकित्सा उपकरणों और कोविड??-19 टीकों के लिए आभार व्यक्त करते हुए, खड़का ने अपनी एक-चीन नीति के लिए नेपाल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।' 'काठमांडू पोस्ट' की खबर के अनुसार इन समझौतों में से एक आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर है। आर्थिक और तकनीकी सहयोग के तहत, चीन नेपाल को अपनी वार्षिक सहायता 13 अरब रुपये से बढ़ाकर 15 अरब रुपये करेगा और कुछ परियोजनाओं को वित्तपोषित करेगा जिन पर दोनों पक्षों के बीच सहमति होगी। वांग नेपाल की अपनी तीन दिवसीय यात्रा को समाप्त करने से पहले रविवार को राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से भी मुलाकात करेंगे। नई दिल्ली से यहां पहुंचे वांग ने पाकिस्तान से अपनी यात्रा शुरू की, उसके बाद अफगानिस्तान और भारत की अघोषित यात्रा की।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## सऊदी अरब में सिर्फ अजान के समय बजेंगे मस्जिदों के लाउड स्पीकर

**रियाद।** रमजान शुरू होने से पहले ही सऊदी अरब ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर सख्त नियमावली जारी की है। अब सिर्फ अजान के समय ही मस्जिदों में लाउड स्पीकर बज सकेंगे। साथ ही उनकी आवाज लाउड स्पीकर की अधिकतम आवाज की एक तिहाई से अधिक तेज नहीं की जा सकेगी। सऊदी अरब के इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने घोषणा की है कि मस्जिदों में लाउड स्पीकर सिर्फ अजान यानी नमाज की सूचना देने के लिए ही बजाए जा सकेंगे। पिछले सप्ताह ही मंत्रालय ने मस्जिदों में रमजान के दौरान होने वाली नमाज का प्रसारण करने पर भी रोक लगाई थी। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकर की आवाज को अधिकतम आवाज के एक तिहाई से



ज्यादा नहीं होना चाहिए। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि लोगों से लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद यह निर्णय किया गया है। मंत्रालय से कुछ अभिभावकों ने शिकायत की थी कि लाउड स्पीकर की तेज आवाज से उनके बच्चों की नींद खराब होती है। इस बाबत जारी आदेश में कहा गया है कि मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकर का प्रयोग सिर्फ. धर्मावलंबियों को नमाज के लिए बुलाने (अजान के लिए) ही किया जाए और उसकी आवाज स्पीकर की अधिकतम आवाज के एक तिहाई से ज्यादा ना हो। कहा गया है कि सऊदी प्रशासन का यह आदेश पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की हिदायतों पर आधारित है जिन्होंने कहा था कि हर इंसान चुपचाप अपने रब को पुकार रहा है, इसलिए किसी दूसरे को परेशान नहीं करना चाहिए।